दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 14 | अंक : 299 | जयपुर | मंगलवार , 03 सितम्बर, 2024 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष अमावस्या संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹2 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# भाजपा सदस्यता अभियान शुरू





## पहली सदस्यता मोदी ने ली

### कहा- पहले कार्यकर्ता रेल में रहते थे या जेल में; सत्ताधारियों के जुल्म सहकर यहां तक पहुंचे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार (2 सितंबर) को 'संगठन पर्व, सदस्यता अभियान 2024' लॉन्च किया। इस मौके पर सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी की सदस्यता ली। इसके बाद भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह समेत भाजपा के बड़े नेताओं ने फिर से पार्टी की सदस्यता ली।

पीएम मोदी ने कहा कि आज भाजपा के सदस्यता अभियान का एक और दौर शुरू हो रहा है। भारतीय जनसंघ से अब तक हमने देश में एक नई राजनीतिक संस्कृति लाने की कोशिश की है। हम वो लोग हैं जिन्होंने दीवारों पर कमल भी बड़ी श्रद्धा से पेंट किया। हमें विश्वास था दीवारों पर पेंट किया हुआ कमल कभी न कभी दिलों पर भी पेंट हो जाएगा। पीएम ने आगे कहा कि हमारे कार्यकर्ताओं को लेकर कहा जाता था कि इनका एक पैर रेल में रहता है और दूसरा जेल में। रेल में क्योंकि कार्यकर्ता लगातार भ्रमण किया करते थे। और जेल में इसलिए क्योंकि तब सत्ताधारी एक जुलूस भी नहीं निकालने देते थे। वे हमें जेल में डाल देते थे। हम ऐसे सत्ताधारियों के जुल्म सहकर यहां तक पहुंचे हैं।



### पीएम मोदी ने हमेशा संगठन को सबसे आगे रखा : नड्डा

कार्यक्रम में जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री देश का प्रधानसेवक होने के नाते, 140 करोड़ देशवासियों के नेतृत्व करने के नाते प्रशासन की बारीकियों में दिन-रात व्यस्त रहते हैं। उसके बावजूद हम सबके लिए आदर्श हैं। उन्होंने हमेशा संगठन को सर्वोपरि रखा है और संगठन प्रथम है। संगठन को जब भी जरूरत पड़ी है, तो व्यस्तताओं के बीच भी वे पार्टी को आगे बढ़ाने की चिंता करते हैं।

### भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी : शाह

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि हमारी पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी तो है ही, साथ ही सभी राजनीतिक दलों में एक प्रकार से अनूठी पार्टी है। आज भारत के 1,500 से अधिक राजनीतिक दलों में कोई भी दल लोकतांत्रिक तरीके से विश्वास और खुलेपन के साथ हर 6 साल के बाद अपने सदस्यता अभियान नहीं चलाता है।

### पीएम के भाषण की प्रमुख बातें...

ये जो सदस्यता अभियान होगा, जो संगठन की संरचना होगी, इसी दौरान विधानसभाओं और लोकसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू हो गया होगा। इस सदस्यता अभियान में मैं उन सभी लोगों को जोड़ूंगा, जो मेरी पार्टी के इतने महत्वपूर्ण निर्णय में अधिकतम महिलाओं को विजयी बनाकर सांसद, विधायक बना सकें। देश में ऐसे-ऐसे इलाके हैं, जहां व्यवस्थाएं इतने सालों के बाद भी पहुंच नहीं पाई थीं। कई लोग जिन्होंने तीन-तीन, चार-चार पीढ़ी में घर नहीं देखा था, जिनका कोई अता-पता नहीं था, वे झुग्गी-झोपड़ी व फुटपाथ पर जिंदगी गुजारते थे। ऐसे 4 करोड़ परिवारों को हमने पता दिया है। और जब जिंदगी में घर का पता तय हो जाता है तो मंजिल का पता अपने आप बनने लगता है। मेरे सामने जो अभी 18 से 25 साल की उम्र का जवान है, वह मेरे 2047 के सपने को पूरा करने के लिए शक्ति का सबसे बड़ा स्रोत है। इसलिए युवाओं को विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए जोड़ना है, नेशन फर्स्ट के विचार से जोड़ना है। हम सिर्फ चुनावी मशीन नहीं हैं। हम वो खाद-पानी हैं, जो देशवासियों के सपनों को सींचा करते हैं। हम वो खाद-पानी हैं जो अपने आप को खपा कर देश के सपनों को संकल्प और संकल्प को सिद्धि तक ले जाने की यात्रा में अपने आप को डूबो देते हैं।

### रक्षामंत्री राजनाथ सिंह बोले- हमारी पार्टी कथनी-करनी में फर्क नहीं करती

राजनाथ सिंह ने कहा कि नेताओं की कथनी और करनी में फर्क होने की वजह से देश की राजनीति और नेताओं के ऊपर जनता का भरोसा कम हुआ है। भारतीय राजनीति में इससे पहले नेताओं की कथनी और करनी में जो विश्वास का संकट पैदा हुआ था, उसे किसी ने चुनौती के रूप में स्वीकार किया है, तो वह हमारे प्रधानमंत्री ने किया है। उन्होंने कहा कि 2014 में जब मोदी जी भारत के प्रधानमंत्री बने, उस समय मैं पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष था।

## पेरिस पैरालिंपिक : नितेश कुमार ने बैडमिंटन में गोल्ड जीता

### योगेश ने डिस्कस थ्रो में सिल्वर दिलाया; पीएम मोदी ने अवनि लेखरा को दी बधाई



बढ़ता राजस्थान

**पेरिस ( एजेंसी )।** पेरिस पैरालिंपिक में भारत ने दूसरा गोल्ड मेडल जीत लिया है। बैडमिंटन मेंस सिंगल्स की एसएल3 कैटेगरी में नितेश कुमार ने फाइनल जीता। उन्होंने ग्रेट ब्रिटेन के डैनियल बेथेल को 21-14, 18-21, 23-21 से हराया। उनसे पहले डिस्कस थ्रो में योगेश कथुनिया ने सोमवार को सिल्वर मेडल जीता था। भारत को पैरालिंपिक गेम्स में शूटर अवनि लेखरा ने पहला गोल्ड मेडल दिलाया। पीएम नरेंद्र मोदी ने 2 दिन बाद सोमवार को उनसे फोन पर बात कर बधाई दी। पैरालिंपिक में भारत अब तक 2 गोल्ड, 3 सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज जीत चुका है। आज भारत बैडमिंटन, एथलेटिक्स, शूटिंग और आर्चरी में भी मेडल जीत सकता है। पैरा बैडमिंटन मिक्स्ड स॥-6 इवेंट में भारत की नित्या श्री सिवान और शिवराजन सोलाईमलाई ब्रॉन्ज मेडल मैच हार गए। उन्हें इंडोनेशिया के सुभान और मर्लिना ने 21-17, 21-12 से हरा दिया। अब सिंगल्स में नित्या श्री सिवान इंडोनेशिया की रीना मर्लिना से ब्रॉन्ज मेडल मैच खेलेंगी।

### मोदी बोले, ऐसे ही खेलना जारी रखो

पीएम मोदी ने अवनि से फोन पर कहा, बहुत-बहुत बधाई अवनि। कैसा लग रहा है आपको। अवनि बोलीं, काफी अच्छा लग रहा है सर। दूसरी बार पैरालिंपिक्स में आई हूं, थोड़ी नर्वस थीं, लेकिन आपने कहा था कि उम्मीदों का बोझ मत ले कर जाना, इसलिए वैसा ही खेली। मोदी ने आगे कहा, अवनि आप लगातार बहुत अच्छा कर रही हो। मेरी ओर से बहुत बधाई है, आप पूरी मेहनत करो और बेहतर करो।

### नितेश कुमार ने दिलाया दूसरा गोल्ड

बैडमिंटन की एसएल3 कैटेगरी के इंडिविजुअल इवेंट में नितेश कुमार ने भारत को गोल्ड मेडल दिलाया। उन्होंने ग्रेट ब्रिटेन के डैनियल बेथेल के खिलाफ 3 गेम तक चले मुकाबले को जीता। नितेश ने पहला गेम 21-14 से जीता, दूसरा गेम बेथेल 18-21 से जीत गए। तीसरे गेम में मामला 21-21 की बराबरी पर पहुंच गया, यहां नितेश ने लगातार 2 पॉइंट्स लिए और गोल्ड जीत लिया। नितेश से पहले अवनि लेखरा ने शूटिंग में गोल्ड जीता था। नितेश एसएल3 कैटेगरी में खेलते हैं। इस कैटेगरी में वे एथलीट्स आते हैं, जिन्हें चलने में दिक्कत होती है।

## सेबी चीफ पर 3 जगह से लाभ लेने का आरोप

### कांग्रेस बोली- बोर्ड में रहते हुए आईसीआईसीआई से 16.80 करोड़ सैलरी ली, इस्तीफा दें

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया की चीफ माधवी पुरी बुच कांग्रेस के निशाने पर हैं। कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता पवन खेड़ा ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर माधवी पर सेबी से जुड़े होने के दौरान आईसीआईसीआई बैंक समेत 3 जगहों से सैलरी लेने का आरोप लगाया। खेड़ा ने कहा- माधबी पुरी बुच 5 अप्रैल, 2017 से 4 अक्टूबर, 2021 तक सेबी में पूर्णकालिक सदस्य थीं। फिर 2 मार्च, 2022 को माधबी पुरी बुच सेबी की चेयरपर्सन बनीं। सेबी की चेयरपर्सन को नियुक्त करने वाली कैबिनेट में पीएम मोदी और अमित शाह शामिल हैं। खेड़ा ने दावा किया कि माधबी पुरी बुच सेबी की पूर्णकालिक सदस्य होते हुए रेगुलर इनकम आईसीआईसीआई बैंक से ले रही थीं, जो कि 16.80 करोड़ रुपए था। वे आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल, ईएसओपी और ईएसओपी का टीडीएस भी आईसीआईसीआई बैंक से ले रही थीं।

## बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट गाइडलाइन जारी करेगा

### सुझाव मांगे, कहा- सिर्फ आरोपी होने पर किसी का घर नहीं गिरा सकते, दोषी हो तब भी नहीं

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को देशभर में आरोपियों के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई पर सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर कोई सिर्फ आरोपी है तो प्रॉपर्टी गिराने की कार्रवाई कैसे की जा सकती है? जस्टिस विश्वनाथन और जस्टिस बीआर गवई की बेंच ने कहा, अगर कोई दोषी भी हो, तब भी ऐसी कार्रवाई नहीं की जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट जमीयत-उलेमा-ए-हिंद की याचिका पर सुनवाई कर रही है। इसमें आरोप लगाया गया है कि बीजेपी शासित राज्यों में मुसलमानों को निशाना बनाया जा रहा है और बुलडोजर एक्शन लिया जा रहा है। अब इस केस की सुनवाई 17 सितंबर को होगी।



### याचिका में आरोप-पीड़ितों को बचने का मौका नहीं दिया

जमीयत के वकील फारूक रशीद का कहना है कि अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न करने और उन्हें डराने के लिए राज्य सरकारें घरों और संपत्तियों पर बुलडोजर एक्शन को बढ़ावा दे रही हैं। याचिका में यह भी आरोप है कि सरकारों ने पीड़ितों को अपना बचाव करने का मौका ही नहीं दिया। बल्कि कानूनी प्रक्रिया का इंतजार किए बिना पीड़ितों को तुरंत सजा के तौर पर घरों पर बुलडोजर चला दिया।

## पूर्व मंत्री बबली बीजेपी में शामिल, कांग्रेस ने टिकट नहीं दी

बढ़ता राजस्थान

**चंडीगढ़ ( एजेंसी )।** हरियाणा के पूर्व मंत्री देवेंद्र बबली ने भाजपा जॉइन कर ली है। दिल्ली में प्रदेश चुनाव सह प्रभारी बिप्लब देब ने उन्हें शामिल कराया। उनके साथ जेल अधीक्षक पद से इस्तीफा देने वाले सुनील सांगवान और जजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष संजय कबलाना भी भाजपा में शामिल हो गए। बबली ने रविवार रात को जेजेपी से इस्तीफा दे दिया। पहले उनके कांग्रेस में जाने की चर्चा थी, लेकिन कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया ने कहा था कि देवेंद्र बबली ने उनसे मुलाकात की थी, लेकिन उन्हें टिकट के लिए मना कर दिया गया है।

## पेपरलीक मामले में आरपीएससी पूर्व-सदस्य रामू राईका कोर्ट में पेश

### शनिवार तक रिमांड पर सौंपा, एक वकील को थप्पड़ मारने का इशारा किया

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** सब इंस्पेक्टर भर्ती-2021 पेपर लीक मामले में राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) के पूर्व सदस्य रामू राम राईका को सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने शनिवार तक रिमांड पर सौंप दिया है। वहीं, पेशी के दौरान राईका ने एक वकील को थप्पड़ मारने का इशारा किया। इसके बाद कोर्ट में वकीलों का गुस्सा फूट पड़ा। सभी वकील हंगामा करने लगे।

रामू राम राईका को रविवार रात गिरफ्तार किया गया। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने राईका से 5 घंटे पूछताछ की थी। दरअसल, रामू राम राईका को 4 जुलाई 2018 को तत्कालीन बीजेपी राज (वसुंधरा राजे सरकार) के दौरान आरपीएससी का मेंबर बनाया गया था। राईका 4 जुलाई 2022 तक मेंबर रहा।

## विद्याधर नगर एरिया में बनेगा 100 बैड का सेटेलाइट हॉस्पिटल:वित्त मंत्री और हेल्थ मिनिस्ट संग हुई रिव्यू बैठक में आईपीडी टॉवर के लिए 37 करोड़ रुपए स्वीकृत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर के विद्याधर नगर विद्यानसभा क्षेत्र में बनने वाले सेटेलाइट हॉस्पिटल का निर्माण अगले महीने से शुरू होगा। इसकी डीपीआर का काम जल्द पूरा होने के बाद इसका निर्माण कार्य शुरू करवाया जाएगा। विधानसभा क्षेत्र में होने वाले कार्यों की समीक्षा को लेकर आज उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सचिवालय में बैठक की। बैठक में हेल्थ डिपार्टमेंट के अधिकारियों ने बताया कि नए बनने वाले 100 बैड के सेटेलाइट हॉस्पिटल की डीपीआर का काम अगले एक महीने तक पूरा हो जाएगा और इसका निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

उन्होंने बताया-हॉस्पिटल का निर्माण जून 2026 तक पूरा करवा दिया जाएगा। ये सैटेलाइट हॉस्पिटल झोटवाडा पंचायत समिति भवन की भूमि के स्थान पर बनाया जाएगा। पंचायत समिति भवन के लिए भूमि आवंटित कर भवन निर्माण के लिए 5 करोड़ रुपए की राशि भी पंचायतीराज विभाग को आवंटित की जा चुकी है।

### आईपीडी टॉवर के लिए 37 करोड़ रुपए स्वीकृति

बैठक में एसएमएस हॉस्पिटल परिसर में बन रहे आईपीडी टॉवर में अतिरिक्त सिविल कार्यों और अन्य कार्यों के लिए उप मुख्यमंत्री ने वित्त विभाग के अधिकारियों को तत्काल राशि स्वीकृत करने के निर्देश दिए। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि केन्द्र प्रायोजित विभिन्न चिकित्सा एवं स्वास्थ्य योजनाओं के लिए 100 करोड़ और आईपीडी टॉवर में पार्किंग और अन्य अतिरिक्त सिविल कार्यों के लिए 37 करोड़ रुपए की राशि तत्काल स्वीकृत कर दी जाएगी।

इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने हरमाड़ा,



नींदड़ पीएससी, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चरण नदी द्वितीय को सीएचसी में क्रमोन्नत किए जाने की कार्यवाही तत्काल करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कांवटिया अस्पताल को अपग्रेड करवाने के भी निर्देश दिए।

VARDHAMAN DENTAL HOSPITAL
Dr. Amit Kant Jain
Dental Surgeon
Mobile : 9829422290
Dr. Meha Jain
Dental Surgeon
Mobile : 9983039253
Medical History : • Asthema • Hypertension • Diabeties
• Pregnancy/Breast Feeding • Hospitalization/Surgery • Drug Allergy

Dental Laser | Digital X-ray(RVG) | Fix Braces | Zirconia Crowns
• 71/44 Opp. Kala Color Lab, Madhyam Marg, Mansarovar, Jaipur
• 114/415 Agarwal Farm, Mansarovar, Jaipur

सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

# आयुष मंत्रालय भारत सरकार की ओर से बेहतर वित्तीय प्रबंधन पर राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में कार्यशाला का आयोजन

## आयुष मंत्रालय से संबंधित देश की प्रमुख संस्थानों के 42 प्रतिनिधियों ने लिया एक दिवसीय कार्यशाला में भाग

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर,( का.स. )।** जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में भारत सरकार के आयुष मंत्रालय से संबंधित स्वायत्त निकायों में वित्तीय प्रबंधन में सुधार हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता सचिव, आयुष मंत्रालय पद्मश्री राजेश कोटेचा ने करते हुए इस कार्यशाला में भाग लेने वाले सहभागियों से महत्वपूर्ण सुझाव एवं अनुभव साझा करने के लिए अनुरोध किया। आयुष सचिव ने बताया कि यह कार्यशाला क्वालिटी इवेंट, अधिकतम उत्पादन, मॉडल पारदर्शिता, जीएसटी रिटर्न से संबंधित विषयों एवं डिजिटल सॉल्यूशन से संबंधित प्रावधानों पर प्रतिभागियों को संवेदनशील बनाने की आवश्यकता है। कार्यशाला में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने कहा यह कार्यशाला पहली बार आयोजित हो रही है जिसमें पीएफएमएस, एकाउंट्स, बजट में होने वाले खर्चों में पारदर्शिता लाने परस्पर समझ बढ़ाने और वित्तीय मामलों पर विचार विमर्श किया गया वित्त प्रबंधन पर विषय अनुसार चर्चा हुई एवं ठोस समाधान निकालने के साथ परस्पर अनुभव का आदान-प्रदान हुआ है। अतिरिक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, भारत सरकार जयदीप कुमार मिश्रा ने कहा आयुष मंत्रालय के अधीन स्वायत्त संस्थाओं में वित्त संबंधी मामलों के संबंध में यह कार्यशाला अपने अनुभव साझा करने और इस क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों का समाधान करने एवं परस्पर विचार विमर्श करने के लिए आयोजित हुई है जिससे वित्तीय कठिनाइयों और चुनौतियों का एक साथ समाधान निकाल सके। निदेशक,आई.एफ.डी. राजकुमार ने कहा कि कार्यशाला के दौरान आयुष मंत्रालय के अधीन स्वायत्त संस्थाओं में राजस्व के प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा हुई पीयर रिव्यू और आयुष मंत्रालय में स्वायत्त संस्थाओं द्वारा किए गए एमओयू को लागू करने पर विस्तार से विमर्श हुआ। कार्यशाला के नॉडल अधिकारी नरेश कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया आयुष मंत्रालय से संबंधित स्वायत्त निकायों में वित्तीय प्रबंधन में सुधार हेतु आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में आयुष मंत्रालय भारत सरकार के वित्त विभाग से जुड़े विशेषज्ञों द्वारा वित्त प्रबंधन, सरकारी प्रक्रिया से खरीद, बजट प्लानिंग, जीएसटी, जीएफआर, वार्षिक लेखा रिपोर्ट में ऑडिट प्रक्रिया, पी.एफ.एम.एस एवं स्वायत्त निकायों में वित्तीय प्रबंधन से जुड़े मुद्दो और चुनौतियाँ पर चर्चा करने के साथ विभिन्न विषयों पर जानकारी दी गई। कार्यशाला में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान से संयुक्त निदेशक प्रशासन जय प्रकाश शर्मा, उपनिदेशक चंद्रशेखर शर्मा के साथ आयुष मंत्रालय, भारत सरकार से संबंधित देश के आयुष संस्थानों से 42 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## फर्जी सीबीआई अधिकारी बन गिरफ्तारी वारंट जारी होने का डर दिखाकर ठगे पन्द्रह लाख

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** गलता गेट थाना इलाके में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) अफसर बनकर गिरफ्तारी वारंट जारी होने का डर दिखाकर जाल में फंसाया और मामला खारिज करने में मदद का बहाना बनाकर एक बुजुर्ग से पन्द्रह लाख रुपये खाते में ट्रांसफर करवा लिए। पीड़ित को ठगी का पता चलने पर वह थाने पहुंचा और मामला दर्ज करवाया। जांच अधिकारी एसआई जयराम ने बताया कि वाटिका गलता गेट निवासी वर्षीय बुजुर्ग ने मामला दर्ज करवाया है कि गत दिना पहले उसके मोबाइल पर एक युवक का फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को सीबीआई अधिकारी अजित श्रीवास्तव बताते हुए अवैध दवाइयों का एक पार्सल उसके नाम पर होने के कारण गिरफ्तारी वारंट जारी होना बताया। गिरफ्तारी वारंट का डर दिखाकर पीडित बुजुर्ग से उनके बारे में सब कुछ पूछा और फोन करने वाले ठग ने सीबीआई मोनोग्राम के साथ अधिकारी होने का विश्वास दिलाया। फर्जी ठग सीबीआई अजित ने कहा कि उसे लगता है कि आप एक सज्जन व्यक्ति है। इसलिए वह उसका केस खारिज करने में आपकी मदद करेंगा और मदद के बहाने कहा कि जिन लोगों ने आपके साथ धोखाधड़ी की है। उनके पास सारी जानकारी है। आपके बैंक अकाउंट के बारे में भी वह आपके सारे पैसे ट्रांसफर कर लेते हैं। सिक्योरिटी के लिए आप सारा पैसों कोर्ट के दो खाते नंबर में ट्रांसफर कर दें। पीडित ने धोखे से विश्वास में लेकर तीन बार में पन्द्रह लाख रुपए भेजे गए खाता नंबर में ट्रांसफर करवा लिए। उसके बाद मोबाइल नंबर बंद मिलने पर धोखाधड़ी का पता चलने पर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर मोबाइल नम्बर और बैंक खाते की जानकारी निकालने में जुटी है।

## पटवारी पन्द्रह हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की कोटा टीम ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए कड़ौदिया तहसील रायपुर जिला झालावाड़ के पटवारी प्रहलाद कुमार गोस्वामी को परिवादी से पन्द्रह हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की कोटा टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि हकत्याग तथा नामान्तरकरण करने की एवज में पटवरी प्रहलाद कुमार गोस्वामी पटवारी बीस हजार रूपये की रिश्वत राशि की मांग कर रहा है। एसीबी की कोटा टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय स्वर्णकार के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुए पटवारी प्रहलाद कुमार गोस्वामी पटवारी को पन्द्रह हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया गया है।

## आशीर्वाद मेटरनिटी होम कृष्णा हास्पिटल मे ब्लड बैंक होने से प्रसूता को मिली जिंदगी

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली( नि.स. )।** प्रसव पीड़ा होने पर रूबी देवी अजीतपुरा नीमकाथाना को प्लेटलेट्स चालीस हजार होने पर चिकित्सकों ने नीमकाथाना से जयपुर रैफर कर दिया लेकिन परिजनों ने आशीर्वाद मेटरनिटी होम कृष्णा हास्पिटल में ब्लड बैंक सुविधा होने के कारण मरीज़ को भर्ती करवाया। सिंगल डोनर प्लेटलेट्स स्क्क लगाकर डॉ पूनम यादव, स्त्री एवं प्रसुति रोग विशेषज्ञ की टीम डॉ अनन्त चौपड़ा, पिंटू यादव केसंता,मीनादेवी गुर्जर द्वारा सफलतापूर्वक आपरेशन किया गया। जिसमें जच्चा एवं बच्चा दोनों पूर्णतया स्वस्थ और सुरक्षित हैं। परिजनों ने डॉक्टर्स एवं स्टाफ का धन्यवाद ज्ञापित किया।मेनेजमेंट डायरेक्टर लीलाराम यादव एवं प्रबंधक राजेन्द्र कसाना ने बताया कि आशीर्वाद मेटरनिटी होम कृष्णा हास्पिटल की सेवाओं में विस्तार करते हुए हृदय रोग हार्ट् सेवाएं डॉ अरुण यादव एमबीबीएस एमडी डीएम द्वारा 24 घंटे हास्पिटल में निरन्तर सेवाएं जारी है।

## 15 सितम्बर तक ग्राम पंचायतों में होंगी किसान संगोष्ठियां

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( नि.स. )।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले में इस बार मानसून की अच्छी बारिश से पानी की पर्याप्त आवक के चलते रबी सीजन में फसलों का क्षेत्रफल बढ़ने की संभावना है। संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) श्री महेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि फसलों की बुवाई के समय किसानों द्वारा फॉस्फेटिक उर्वरक के रूप में डीएपी के उपयोग का प्रचलन अधिक है।किसानों द्वारा फॉस्फेटिक उर्वरक के रूप में केवल डीएपी पर अधिक निर्भर होने के कारण मांग के अनुरूप डीएपी खाद उपलब्ध कराने में कठिनाई आती है एवं भूमि में संतुलित पोषक तत्त्वों की भी आपूर्ति नहीं होती है। ऐसे में समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन के उद्देश्य से उर्वरकों के संतुलित उपयोग के लिए जिले के किसानों को कृषि विभाग के माध्यम से आवश्यक तकनीकी सलाह के लिए आगामी रबी सीजन से पूर्व 2 से 15 सितंबर तक प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर किसान संगोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें किसानों एवं स्थानीय कृषि आदान विक्रेताओं एवं विभिन्न उर्वरक निर्माता कंपनियों के प्रतिनिधियों को भी बुलाया जाएगा।

## फास्ट फूड सेंटर में लगी आग, बड़ा हादसा टला

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. ) ।** राजधानी जयपुर में मानसरोवर क्षेत्र में एक फास्ट फूड सेंटर में अचानक आग लग गई। आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। मानसरोवर में केंद्रीय विद्यालय नंबर 5 के मेन गेट के सामने संचालित फास्ट फूड शॉप में अचानक आग लग गई। दिन का समय होने के कारण वहाँ ज्यादा आवाजाही नहीं थी। फास्ट फूड शॉप के ठीक सामने स्कूल है, ऐसे में यदि वहाँ बच्चों की आवाजाही होती तो एक बड़ा हादसा हो सकता था। बताया जा रहा है कि फास्ट फूड शॉप संचालन में में सुरक्षा के नियमों की अनदेखी की जा रही थी। फास्ट फूड सेंटर पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं थे। ऐसे में आम लोगों की भीड़ होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। फायर ब्रिगेड की सहायता से आग पर काबू पाया गया। आग में फास्ट फूड सेंटर का काफी सामान जल गया। सेंटर की छत के ऊपर से जा रही इंटरनेट केबल और अन्य तार भी जल गए। हादसे के बाद फास्ट फूड सेंटर संचालक ने अपना सामान वहाँ से दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया। बताया जा रहा है कि संचालक के पास ना ही फूड लाइसेंस था, ना ही वहाँ आग लगने के दौरान इस्तेमाल होने वाले सुरक्षा उपकरणों की कोई व्यवस्था थी।

## जिला कलेक्टर ने राजकीय स्कूलों तथा आंगनवाड़ी केंद्र का किया ओचक निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( नि.स. )।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने कोटपूतली के ग्रामीण इलाकों में स्थित सरकारी स्कूलों,आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया।कलेक्टर ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मलपुरा तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोरदा, मोरदा में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया।इस दौरान कलेक्टर ने शिक्षा विभाग की गतिविधियों की धरातल पर क्रियान्वित व स्कूलों में शैक्षणिक स्तर की जांच की।जिला कलेक्टर ने शिक्षा विभाग की गतिविधियों की धरातल पर क्रियान्वित व स्कूलों में शैक्षणिक स्तर की जांच की।आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों से भी कलेक्टर ने बातचीत की और वर्क बुक में की गई गतिविधियों के बारे में जानकारी ली।कलेक्टर ने बच्चों के शारीरिक माप रजिस्टर व संबंधित रिकॉर्ड की जांच की।उन्होंनेकार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि सभी बच्चों का हाइट और वजन लेकर पोषण ट्रैकर एप पर इंद्राज करें। साथ ही रिकॉर्ड संधारित करें।

इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों पर उड़ान योजना के तहत वितरित किए जाने वाले सेनेटरी नैपकिन की आपूर्ति के बारे में जानकारी लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से सेनेटरी नैपकिन के सुचारू रूप से वितरण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी बृजेश चौधरी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## सीड बाल जापानी तकनीक से 2000 पौधों के लिए किया बीजारोपण



बढ़ता राजस्थान

**चाकसू ( नि.स. )।** यहां महाराणा प्रताप पार्क मैदान में सोमवार को कस्तूरी देवी महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं स्टाफ ने भावी निर्माण समिति चाकसू एवं रेणु किरण फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में लगभग दो हजार सीड बाल उपचारित बीजों का बीजारोपण किया।

के डी कॉलेज के प्रबंध निदेशक राजेंद्र शर्मा के अनुसार महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन जागरूकता अभियान के तहत लगभग तीन किलोमीटर तक हाथों में बेनर, स्लोगन लिखि तख्तियां लिए नारे लगाते कार्यक्रम स्थल तक रैली निकाली। मार्ग में कामधेनु गौशाला परिवार सहित अन्य लोगों ने रैली पर पुष्प वर्षा करते हुए प्रोत्साहित किया। सुरक्षा की दृष्टि से चाकसू थानाप्रभारी कैलाश दान ने पर्याप्त पुलिस कर्मियों को तैनात कर रखा था। एंबुलेंस वाहन साथ साथ चला।

जनप्रतिनिधियों, महा विद्यालय परिवार एवं भावी निर्माण समिति के पदाधिकारियों के सानिध्य में बालकों ने पार्क में विधिपूर्वक बीजारोपण किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्रबंध निदेशक राजेंद्र प्रसाद शर्मा, भावी निर्माण समिति के संस्थापक गिरिराज प्रसाद शर्मा सह संस्थापक श्रीमती रमा शर्मा ने पौधारोपण की जापानी तकनीक सीड बाल विधि के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि जैविक खाद एवं उर्वरा मिट्टी की बाल में उपचारित बीज डाला जाता है।इसको किसी भी मिट्टी में डालने से पौधा धीरे धीरे स्वतः ही पनपने लगता है, इस विधि से बीज को नष्ट होने की संभावनाएं नहीं के बराबर होती है। इससे पूर्व के डी कॉलेज एवं आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में भी आयोजित सादा समारोह में सीड बाल विधि से 3500 पौधों का बीजारोपण किया जा चुका है।

उल्लेखनीय है कि भारतवर्ष के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने मन की बात के तहत इस जापानी तकनीक सीड बाल बीजारोपण की सराहना कर चुके हैं। पौधारोपण को लेकर विद्यार्थियों में उत्साह देखने लायक रहा कि बरसात में भी अपना कार्य पूरा करके ही विश्राम किया। कार्यक्रम में उपजिला चिकित्सालय के एम ओ इंचार्ज डाक्टर संजय मीणा, वरिष्ठ चिकित्सक डाक्टर रविन्द्र नारोलिया, संघ के जिला कार्यवाह महेश शर्मा, सेवानिवृत्त कर्मचारी लालचंद सैन, कैलाश शर्मा, के डी महाविद्यालय का पूरा स्टाफ सहित अन्य लोगों की भागीदारी रही।

## जयपुर से अयोध्या राम कथा के लिए पहला जत्था हुआ रवाना





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** श्रीधाम वृन्दावन निवासी मानस मर्मज्ञ संत शिरोमणि श्री श्री 1008 श्री रामजी बाबा कोकिल जी महाराज के श्रीमुख से सारगर्भित एवम् रसीली वाणी में 07 सितम्बर 2024 से अयोध्या धाम में विशाल श्री राम कथा का भव्य आयोजन होगा। जिसमें सम्पूर्ण भारतवर्ष से भक्तवृन्द पधारेंगे।

इस विशालतम समारोह की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से सम्पन्न करने हेतु श्री आर के अग्रवाल के नेतृत्व में एवम् रामावतार माहेश्वरी, बनवारी लाल विजय, द्वारका प्रसाद अग्रवाल, अरुण आहूजा, जे एन मीना, डी एन शर्मा, एस एस चाहर, श्रीमती पुष्पा अग्रवाल, गायत्री माहेश्वरी, पुष्पा विजय, संतोष शेखावत, अनिता आहूजा, जानकी मीना, विमला अग्रवाल, कमला अग्रवाल, राम देवी तथा अन्य महिला स्वयंसेवकों के सानिध्य में विशाल जत्था रवाना हुआ।

## पुलिस हेड कांस्टेबल दस हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की अजमेर टीम ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना आदर्श नगर जिला अजमेर शहर के पुलिस हेड कांस्टेबल सुरेश चंद को परिवादी से दस हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की अजमेर टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि उसके विरूद्ध दर्ज शिकायत में राजीनामा करवाने की एवज में हेड कांस्टेबल सुरेश चंद दस हजार रूपये की रिश्वत राशि की मांग कर रहा है। एसीबी की अजमेर टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भागचंद मीणा के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुए पुलिस हेड कांस्टेबल सुरेश चंद को दस हजार रूपये की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

## युवती का आत्महत्या मामला परेशान करने वाले युवक पर कार्रवाई की मांग को लेकर लोग थाने पहुंचे



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** मुहाना थाना इलाके में 12वीं क्लास की छात्रा द्वारा एक युवक से परेशान होकर आत्महत्या करने के मामले में तूल पकड़ लिया है। जिसके चलते स्थानीय लोग बड़ी संख्या में सोमवार शाम मुहाना थाने पहुंचे और युवती के आत्महत्या मामले में परेशान करने वाले युवक पर जल्द कार्रवाई की मांग रखी। पुलिस ने लोगों से समझाइस कर जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन देकर मामले को शांत किया। सहायक पुलिस आयुक्त ( एसीपी मानसरोवर) संजय शर्मा ने बताया कि मुहाना निवासी 12वीं क्लास की छात्रा ने गुरुवार को आत्महत्या की थी। मृतक छात्रा के पिता की शिकायत पर आरोपित विष्णु शर्मा (30) के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया था। छात्रा के आत्महत्या मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर परिजन,पड़ोसी सहित समाज के बड़ी संख्या में लोग मुहाना थाने में इकट्ठा होकर जल्द कार्रवाई की मांग रखी। करीब दो घंटे चली वार्ता के बाद जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## टीवीएस मोटर कंपनी (टीवीएसएम) ने ऑल-न्यू टीवीएस जूपिटर 110 लॉन्च किया

### इनफिनिटी लाइट बार, प्रीमियम पियानो ब्लैक कंट्रास्ट पैनल और तराशा हुआ आधुनिक नया डिजाइन

#### शानदार सफर का नया दौर : ऑल-न्यू टीवीएस जूपिटर 110 - बेजोड़ डिजाइन, जबरदस्त परफॉर्मेंस, सुविधा के साथ पूरा आराम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** टूव्हीलर और थ्रीव्हीलर बनाने में दुनिया की नामी कंपनियों में से एक टीवीएस मोटर कंपनी (टीवीएसएम) ने सोमवार को ऑल-न्यू टीवीएस जूपिटर 110 लॉन्च किया है। यह स्कूटर नेक्स्ट जनरेशन के इंजन और भविष्य के लिहाज से सेगमेंट में पहली बार पेश किए गए कई फीचर्स से लैस है। ऑल-न्यू टीवीएस जूपिटर 110 'ज्यादा' के सार को दर्शाता है - ज़्यादा स्टाइल, माइलेज, प्रदर्शन, आराम, सुविधा, सुरक्षा और तकनीक। टीवीएस जूपिटर एक अटूट साथी के रूप में अपने 65 लाख ग्राहकों की कई तरह की जरूरतों को लगातार पूरा करता आया है। लॉन्च के मौके पर टीवीएस मोटर कंपनी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, हेड कम्यूटर बिजनेस और हेड कॉरपोरेट ब्रांड और मीडिया श्री अनिरुद्ध हलधर ने कहा, 'टीवीएस जुपिटर 110 पिछले एक दशक से टीवीएस मोटर स्कूटर पोर्टफोलियो का अगुवा रहा है। समय के साथ, 65 लाख परिवारों ने इस उत्पाद में



अपना विश्वास जताया है, जिससे यह भारत के सबसे बड़े ऑटोमोटिव ब्रांडों में से एक बन गया है। ज्यादा का फायदा के मूल मंत्र को नए सिरे से तैयार किए गए ऑल-न्यू टीवीएस जुपिटर द्वारा और मजबूत किया गया है। मांग पर टॉर्क देने की क्षमता, उपयोग के लिए ज्यादा जगह, बेहतर ईंधन दक्षता, आज के जमाने का डिजाइन, स्कूटर को अपनी श्रेणी में अलग बनाता है। हमारी यह नई पेशकश ग्राहकों को खुश रखना जारी रखेगी टीवीएस जूपिटर ब्रांड के लिए प्रेम और बढ़ेगा।'

### परफॉर्मेंस

टीवीएस जूपिटर 110 में 113.3 सीसी, सिंगल सिलेंडर, 4 स्ट्रोक इंजन है जो 6500 आरपीएम पर 5.9 किलोवाट की पावर और 5,000 आरपीएम पर 9.8 एनएम (आईगो असिस्ट के साथ) और 5,000 आरपीएम पर 9.2 एनएम (असिस्ट के बिना) का टॉर्क उत्पन्न करता है। स्कूटर की नई तकनीक अपने पूर्ववर्ती की तुलना में 10 प्रतिशत ज्यादा माइलेज देती है।

### उत्कृष्टता की मिसाल

- **स्टाइल और जोश**- इनफिनिटी लैंप के साथ
- **परफॉरमेंस और माइलेज**-ऑल—न्यू जूपिटर 110 इंजन और आईगो असिस्ट के साथ जो 10प्रतिशत ज़्यादा माइलेज और बेहतर पिक-अप देता है।
- **प्रैक्टिकलिटी और कंफर्ट** - फ्रंट फ्यूल फिल, लंबी सीट, ज़्यादा लेग स्पेस और बॉडी बैलेंस टेक्नोलॉजी के साथ

# विश्वपटल पर खेलों में देश का गौरव बढ़ा रही बेटियां : सहारण

## सरपंच संघ ने केजीबीवी व छात्रावास की छात्राओं को प्रदान किए ट्रैकशूट

बढ़ता राजस्थान



**चूरू ( सुरेश शर्मा )।** चूरू पंचायत समिति के 38 सरपंचों के सहयोग से सोमवार को चूरू पंचायत समिति परिसर में केजीबीवी व महाविद्यालय स्तरीय छात्रावास में निवासरत छात्राओं को ट्रैकशूट वितरित किए गए। चूरू विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी, चूरू प्रधान दीपचंद राहड़, सीईओ मोहनलाल खटनावलिया, जिला उप प्रमुख महेन्द्र न्यौल आदि ने छात्राओं को ये ट्रैकशूट वितरित किए। इस अवसर पर विधायक सहारण ने कहा कि विश्वपटल पर खेलों के क्षेत्र में हमारी बेटियां देश का गौरव बढ़ा रही हैं। हाल ही में पेरिस पैरालिंपिक खेलों में प्रदेश की बेटी अवनि लेखरा ने स्वर्ण पदक जीतकर देश-प्रदेश का मान बढ़ाया है। हम सभी मिलकर बालिकाओं को उनके सपनों को पूरे करने के समुचित अवसर दें। जिला कलक्टर सत्यानी ने कहा कि खेल क्षेत्र में अंचल की बालिकाओं को सभी के सहयोग से प्रोत्साहन मिले। उनकी शिक्षा व खेल सहित सह शैक्षिक गतिविधियां सुचारू रहे। सरपंच संघ के सहयोग से बालिकाओं को ट्रैकशूट मिलने से उनको खेल गतिविधियों में काफी सहयोग मिलेगा तथा वे नियमित अभ्यास कर पाएंगी।सीईओ मोहनलाल खटनावलिया ने बताया कि सरपंचों के सहयोग से केजीबीवी व महाविद्यालय स्तरीय बालिका छात्रावास की 300 छात्राओं को टैकशूट वितरित किए गए हैं। संचालन करते हुए सरपंच फॉरम के अध्यक्ष बलबीर ढाका ने संघ की गतिविधियों की जानकारी दी । इस दौरान जिला उप प्रमुख महेन्द्र न्यौल, विकास अधिकारी महेन्द्र भार्गव, ताराचंद भाम्भू, विक्रम गुर्जर, श्योराम कड़वासरा, चिमनाराम, बंशीधर, सुभाष, दयाराम कस्वां, बिहारीलाल, संतोष देवी, रणजीत कुमार, रामकरण फगेड़िया, किशन सिंह, संदीप वर्मा, शिवसिंह, निसार खान, हरदत्त, सुरेन्द्र प्रजापत, कमल रामसरा, नारायण सिंह, नरेन्द्र कोटवाद, गोपालराम कस्वां, सुल्तानाराम, शीशपाल भाम्भू, कैलाश बसेर, शिवराम गोदारा, विरेन्द्र सिंह, ओंकारमल सहित सरपंचगण उपस्थित रहे।



# मासखमन तपस्वी आरती सांड के सम्मान में निकला वरघोड़ा, गूंजे जैन धर्म के जयकारे

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णुदत्त धीमान )।** गत 31 दिनों से केवल गर्म पानी के आधार पर उग्र तपस्या की ओर अग्रसर मासखमन तपस्वी साधिका आरती पंकज सांड ने मंगलवार सवेरे पाली बाजार स्थित श्री शांतिनाथ जैन मंदिर में पूज्य मुनिराज सिद्वेशचंद सागर महाराज से मासखमण तप 31 उपवास का प्रत्याखयान किए तो समूचा पाली बाजार अनुमोदना अनुमोदना एवम तपस्वी धन्य हो धन्य हो से गुंज उठा। नगर के सुश्रावक पदमचंद सांड की पुत्रवधु सुश्राविका तपस्वी साधिका आरती सांड का उनके कुंदन नगर आवास से एक भव्य वरघोड़ा निकाला गया। यह वरघोड़ा नगर के मुख्य मार्गो से होता हुआ पाली बाजार स्थित श्री शांतिनाथ जैन मंदिर पहुंचा। जहां तपस्वी का श्री जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक तपोगच्छ संघ ने संघ अध्यक्ष नरेंद्र खींचा एवम मंत्री भागचंद पीपाड़ा के नेतृत्व में जय जयकार तपस्वी की जयकारों से अगुवाई करते हुए स्वागत किया। तपस्वी साधिका आरती ने जैन मंदिर में जैन धर्म के 16 वे तीर्थंकर श्री शांतिनाथ भगवान के समक्ष विधिवत पूजा अर्चना की। इस मौके पर आरती के पिता घनसुख लाल बोहरा द्वारा भक्ति भावो के साथ चैत्य वंदन करवाया। तपस्वी आरती ने श्री नाकोड़ा भैरव देव एवम शासन माता चकेश्वरी देवी की पूजा अर्चना कर आशीर्वचन लिया। भैरव भक्त नानू कर्णावट ने लाया प्यारी चुंदड़ी कर लो मां स्वीकार गीत की प्रस्तुति ने सभी को भावविभोर कर दिया। जैन मंदिर में श्री जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक तपोगच्छ संघ ने तपस्वी श्राविका आरती का पूज्य संत सिद्धेश चंद सागर महाराज एवम सिद्धचंद सागर महाराज की पावन निश्रा में बहुमान किया गया। महिला मंडल की बृजलता नाहर ने तपस्वी आरती का माल्यार्पण कर एवम चुंदड़ी ओढ़ाकर स्वागत करते हुए बहुमान किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ श्रावक जेठमल सिंघवी ने किया। सभी श्रावक श्राविकाओं को जोहरीमल, पदमचंद, महेंद्र, प्रदीप प्रवीण सांड ने श्री फल देकर प्रभावना दी।

मासखमण साधिका आरती के वरघोड़े एवम सम्मान समारोह में संघ अध्यक्ष नरेंद्र खींचा मंत्री भागचंद पीपाड़ा, पूर्व अध्यक्ष विमल शाह, पूर्व मंत्री वकील चंद नाहर, मांगीलाल कांस्टिया, नरेंद्र गेलडा, प्रेम मुथा, धनसुख लाल बोहरा, विजय राठौड़, दिलीप गेलड़ा, जेठमल सिंघवी, पारस भंडारी, मुकेश भंडारी, कमल गेलडा, पवन मुथा, नरेंद्र गेलड़ा, पदम सांड, डा तारेश जैन, हेमंत रांका, मनोज डुंगरवाल, मुकेश भंडारी, गौतम बोहरा, नवीन नाहटा, सुरेश डूंगरवाल, कविता गेलडा, भावना हिंगड़, उषा झंवर, कविता गेलडा, संध्या फोकलिया, राजुल मुथा, दक्षा गन्ना, नीरू जैन, ब्रजलता नाहर सहित श्रावक एवम महिला मंडल के सदस्यगणों ने शिरकत की।

## अरबन बैंक की चन्देरिया शाखा ने स्थापना दिवस मनाया

# ग्राहक की संतुष्टि ही मुख्य ध्येय : वन्दना वजीरानी

बढ़ता राजस्थान




**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. ) ।** चित्तौड़गढ़ अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लि. की चन्देरिया शाखा का स्थापना दिवस सोमवार को समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर ग्राहकों की समस्याओं का त्वरित समाधान भी किया गया। चन्देरिया शाखा के स्थापना दिवस पर बैंक की प्रबन्ध निदेशक वन्दना वजीरानी ने शुभकामनाएं देते हुए मुख्य वक्ता के रूप में कहा कि वर्तमान समय प्रतिस्पर्धा का समय है। इस प्रतिस्पर्धा के समय में ग्राहक को संतुष्ट करते हुए संकल्प- 2025 की ओर बढना है। ग्राहक की संतुष्ठि ही बैंक का प्रमुख ध्येय है। ग्राहकों को त्वरित समस्त तकनीकी युक्त सुविधाएं बैंक सदस्यों, ग्राहकों को उपलब्ध कराई जा रही है।

इस अवसर पर ग्राहकों की समस्याओं का त्वरित समाधान भी किया गया। कार्यक्रम में बैंक के महाप्रबन्धक दिनेश खण्डेलवाल ने कहा कि ग्राहकों की सुविधा के लिए आधुनिक बैंकिंग सुविधाएं शाखा में मिले इसके लिए निरन्तर प्रयास किये जा रहे है। गोष्ठी के प्रारम्भ मे शाखा प्रबन्धक ने शाखा की प्रगति की जानकारी दी। इस अवसर पर स्टॉफगण नये शाखा प्रबन्धक शुभम तरावत, अंकित तिवारी, सुखराम मीणा सहित विजय चौधरी, मुकेश काबरा, महेश जागेटिया, प्रदीप जायसवाल, कैलाश चन्द्र गगरानी, बसन्त राव, सत्यनारायण शर्मा, अब्दुल रज्जाक, नन्दलाल, भैरू प्रसाद शर्मा, अमरकंठ उपाध्याय, तुलसीराम गौड़, रतन लाल खटीक, भावना पारीक, गणपत लाल, कॅवरलाल गगरानी, मांगीलाल माली, हरलाल सुखवाल, शान्तिलाल मण्डोवरा, रविन्द्र शर्मा, जगदीश जाट, नरेन्द्र मोची, कुन्दन अजमेरा, रतनलाल बोहरा, पारसमल प्रजापत, लोकेश मेघवाल, गुड्डी बाई, गीता देवी, दीपक चौहान, आरती माली, मन्जू देवी, श्याम लाल, अनिल काबरा, अशोक कुमार जांगीड, ओमप्रकाश चेचाणी, अमन दाधीच, अरविन्द आदि उपस्थित थे।

# अवैध लैब संचालकों पर करें कार्रवाई : शेखावत

## एडीएम उत्तमसिंह शेखावत ने बिजली, पानी, चिकित्सा सहित आवश्यक सेवाओं व सम्पर्क पोर्टल की बैठक में दिए निर्देश




बढ़ता राजस्थान

**चूरू ( सुरेश शर्मा )।** जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी के निर्देशानुसार सोमवार को जिला कलक्ट्रेट परिसर स्थित डीओआईटी वीसी सभागार में बिजली, पानी, चिकित्सा सहित आवश्यक सेवाओं व सम्पर्क पोर्टल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एडीएम उत्तमसिंह शेखावत ने अधिकारियों से आवश्यक सेवाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी विभाग के अधिकारी जिले में आवश्यक सेवाओं के समुचित उपलब्धता के लिए नियमित रूप से मॉनीटरिंग करें तथा किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर त्वरित एक्शन लेते हुए व्यवस्था दुरुस्त करें। उन्होंने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों से कहा कि जिले में संचालित अवैध लैब संचालकों पर कार्रवाई करें। जिले में संचालित लैबों की औचक जांच करें तथा मानक अनुसार व्यवस्था नहीं पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई करें। शासन-प्रशासन आमजन के स्वास्थ्य व बेहतर चिकित्सा सेवाओं के लिए प्रतिबद्ध है। इसी के साथ मौसमी बीमारियों का प्रबंधन करते हुए आमजन को मौसमी बीमारियों से बचाव व रोकथाम के बारे में जागरूक किया जाए। उन्होंने पीएचईडी व डिस्कॉम के अधिकारियों से कहा कि बिजली व पेयजल के कनेक्शन में किसी प्रकार की पेंडेंसी न रखें। टीम को प्रबंधित करते हुए आमजन को बिजली व पानी सहित आवश्यक सेवाओं का समुचित लाभ सुनिश्चित करें। उन्होंने कृषि अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को उर्वरक, खाद सहित कृषि गतिविधियों का समुचित प्रचार-प्रसार किया जाए। । इस दौरान पशुपालन संयुक्त निदेशक डॉ ओमप्रकाश, कृषि संयुक्त निदेशक डॉ जगदेव सिंह, सीडीईओ जगबीर सिंह यादव, एसीएमएचओ डॉ अहसान गौरी, पीएचईडी प्रोजेक्ट एसई राममूर्ति, सानिवि एसई चैतन्य पंवार, एपीआरओ मनीष कुमार, आईसीडीएस उपनिदेशक डॉ नरेन्द्र शेखावत, डीटीओ ओमसिंह शेखावत, आयुक्त अभिलाषा सिंह, प्रवर्तन निरीक्षक संपत कुमार, सानिवि एक्सईएन बीएल सोनी, संरक्षण अधिकारी जयप्रकाश सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

## तरूणसागर महाराज का छठां समाधि दिवस मनाया




बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** श्री अंतराष्ट्रीय तरूण प्रभावना मंच के सानिध्य तरूण सागर महाराज का छठां समाधि दिवस मुनी 108 प्रशम सागर महाराज व मुनि 108 साध्य सागर महाराज के सानिध्य में मनाया गया। तरूण क्रांति मंच अध्यक्ष राजकुमार अखावत ने बताया कि प्रात:आदिनाथ भवन हिरणमगरी सेक्टर 11 से विहार कर अशोक नगर कांचवाला मंदिर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। इसी क्रम मे श्रीजी का अभिषेक व शांति धारा महाराज श्री के सानिध्य मे करवाई गई। इसके पश्चात् मुनि श्री का विहार तरूण सागरम् अशोक नगर में हुआ। मुनि श्री का पादपक्षालन अनिल मेहता, दीपक कालरा एवं अशोक शाह द्वारा किया गया एवं शास्त्र भेंट दिनेश वजुवावत, कमलेश जुसौद और विजय मेहता द्वारा किया एवं महाराज को अर्ग समर्पण मुकेश श्रीप्रिया, अनिल श्रीपिया एवं अशोक कलावत के साथ सभी गुरू परिवार द्वारा किया गया। इसके पश्चात् महाराज ने प्रवचन दिया एवं मुनि श्री ने कहा कि तरूण सागर महाराज द्वारा बताये गये मार्ग पर अपना जीवन को सार्थक करते हुए चलना चाहिए। श्री शुल्ख 105 श्री पर्वसागर महाराज के द्वारा सभी को आशीर्वाद दिया गया हैं। मंच के महामंत्री विमल नाथुत के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया।

## श्रद्धालुओं से भरी ट्रेक्टर ट्रॉली पलटी, 6 घायल



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णुदत्त धीमान )।** ब्यावर जिले के रायपुर में ट्रेलर की टक्कर से श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर.ट्रॉली पलट गई। घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई और अफरा तफरी का माहौल हो गया। हादसे में 6 लोग घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया वहीं हाईवे पर लंबा जाम लग गया। यह हादसा रविवार रात करीब 11:30 बजे ब्यावर पिंडवाड़ा फोरलेन पर बर रायपुर टोल प्लाजा के पास हुआ। जानकारी के अनुसार ये सभी लोग रामदेवरा से दर्शन करके मध्यप्रदेश लौट रहे थे। इस दौरान रायपुर टोल प्लाजा के पास साइड में चल रहे ट्रेलर ने टक्कर मार दी। इस टक्कर के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर साइड में पलट गई। हादसे में ट्रॉली में सवार लगभग छह लोग घायल हो गए, जिन्हें टोल प्लाजा और रायपुर की 108 एम्बुलेंस के माध्यम से बर ब्ब्ब् में पहुंचाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। टोल प्लाजा कर्मचारियों ने तुरंत रायपुर थाना पुलिस को सूचित किया, जिसने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और वाहनों को हाईवे से हटा कर यातायात को सुचारू किया।

# दान छपाकर नहीं छुपाकर करना चाहिए : साध्वी संयमलता



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** सेक्टर 4 श्री संघ में विराजित श्रमण संघीय जैन दिवाकरिया महासाध्वी डॉ श्री संयमलताजी म. सा.,डॉ.अमितप्रज्ञाजी म. सा.,श्री कमलप्रज्ञाजी म. सा., सौरभप्रज्ञाजी म. सा. आदि ठाणा 4 के सानिध्य में पर्वाधिराज पर्व पर्युषण के द्वितीय दिन दान की महिमा व मां की ममता विषय पर विशेष प्रवचन हुआ।

धर्मसभा को संबोधित करते हुए महासती संयमलता ने अंतागढ़ शास्त्र के माध्यम से दान व मां की महिमा का वर्णन करते हुए कहा दान छपाकर नहीं छुपाकर करना चाहिए। जितना दोगे उतना धन बढ़ेगा। दान गुप्त हो, इस हाथ का दिया हुआ दूसरे हाथ को भी पता नहीं चलना चाहिए। खाया पिया अंग लगेगा, दान दिया संग चलेगा, पड़ा हुआ जंग लगेगा। पर्युषण के दिनों में हमें दान करना चाहिए। साध्वी ने आगे कहा कि मां तो ममता का महाकाव्य है। मां की ममता,उसके त्याग, उसके अहसान, अपने आप में एक महातप और कुर्बानी की दास्तान है। तीर्थंकर और पैगंबर को जन्म देने वाली मां ही है। राम-रहीम, कृष्ण-कबीर,महावीर-मोहम्मद भी मां से ही है। स्वर्ग अगर कहीं है तो मां के चरणों में है। अच्छी किस्मत उन्हीं की है, जिनकी किस्मत में मां की लकीर है। जिसे कोई उपमा ना दी जा सके, उसका नाम है मां। जिसकी कोई सीमा नहीं, उसका नाम है मां। मंगलाचरण पश्चात सर्वप्रथम साध्वी कमलप्रज्ञा ने अंतगढ़ शास्त्र के माध्यम से देवकी माता और उसके 6 पुत्रों के बारे में सुनाया की अपने कोख से जन्म देने के बाद भी मां देवकी मातृत्व सुख के अनुभव से वंचित रहे। युवा मण्डल द्वारा ष्मोबाइल में मन बसियोष् विषय पर सुंदर सी नाटिका का आयोजन हुआ। दोपहर में महासती अमितप्रज्ञा ने कल्पसूत्र का वाचन किया, उसके पश्चात खुल जा सिम सिम प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें अधिक संख्या में भाई बहनों ने भाग लिया। चातुर्मास आयोजन समिति के अध्यक्ष ललित लोढ़ा ने बताया की मंगलवार को अनंत की यात्रा विषय पर प्रवचन होगा।

## ब्यावर जिले में एक साथ एरिया डोमिनेशन की कार्यवाही कर 162 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णुदत्त धीमान )।** ब्यावर जिला पुलिस अधीक्षक व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार एक दिवसीय अभियान के तहत जिले के समस्त थानों द्वारा आपराधिक तत्वों एवं वांछित अपराधियों, अवैध खनन के विरूद्ध कार्यवाही व गैर जमानती वारण्ट तथा 299 जा. फो./धारा 173 (8) में फरार अपराधियों, घोषित अपराधियों एवं जेर तफतीश प्रकरणों में फरार वांछित मुलजिमानों के साथ इनामी अपराधियों एवं थाना व जिला स्तर के टॉप 10 अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन कर एक दिवसीय अभियान के तहत एरिया डोमिनेशन की कार्यवाही की गई। जिसमें कुल 6 थानों के 162 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। इस अभियान में 155 पुलिसकर्मियों ने 39 टीमो का गठन कर जिले व जिले के बाहर और राज्य के बाहर लगभग 239 स्थानों पर दबिश दी गई।

जिला पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह चोधरी ने बताया कि स्थायी वारंटी में 26 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया । वहीं गिरफ्तारी वारण्ट के तहत 65, टॉप 10 अपराधियों मे 4, जघन्य अपराधाों में वाछित अपराधी 2, अन्य प्रकरणों में वाछित अपराधी 5, अन्य कार्यवाही में 1, अन्य कुल कार्यवाहियों में गिरफ्तारी 59, पुलिस चैकिंग में संदिग्ध लाोगों से की गई पुछताछ में 143 लोग शामिल थे।

# प्रतिष्ठित 28वें भामाशाह पुरस्कारों में हिंदुस्तान जिंक को 6 पुरस्कार

## हिंदुस्तान जिंक की सीएसआर योजना से प्रतिवर्ष 2 लाख से अधिक ग्रामीण और आदिवासी बच्चें लाभान्वित, कंपनी द्वारा वंचितों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए लगभग 92 करोड़ से अधिक का योगदान

बढ़ता राजस्थान

**चितौड़गढ़ ( नि.स. ) ।** भारत की सबसे बड़ी और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड को 28वें भामाशाह पुरस्कारों में 6 इकाईयों को सम्मानित किया गया। भामाशाह पुरस्कार हिंदुस्तान जिंक के चंदेरिया लेड जिंक स्मेल्टर, जिंक स्मेल्टर देबारी, राजपुरा दरीबा कॉम्प्लेक्स, जावर माइन्स, रामपुरा आगुचा माइन एवं कायड माइन को शिक्षा क्षेत्र में सकारात्मक योगदान के लिए प्रदान किया गया। हिन्दुस्तान जिंक ने शिक्षा के क्षेत्र में विगत 3 वर्षो में शिक्षा संबल एवं अन्य शैक्षिक परियोजनाओं में 92 करोड़ का योगदान किया है जिसमें से गत वर्ष 19 करोड़ के सहयोग हेतु यह पुरस्कार मिलें। यह पुरस्कार उदयपुर के मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के



विवेकानंद सभागार में राज्य सरकार के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, आदिवासी विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने यह पुरस्कार सासंद डॉ.

पन्ना लाल रावत, विधायक चुन्नी लाल गरासिया, फूल सिंह मीणा, प्रताप लाल गामेती,, ताराचंद जैन उदयलाल डांगी, डॉ. गोविंदसिंह डांग श्रीमती ममता कुँवर जिला प्रमुख कृष्ण कुणाल शासन सचिव आशीष मोदी, सीताराम जाट, रवीन्द्र श्रीमाली, चंद्रगुप्त सिन्हा, नाना लाल, भंवर लाल पंवार, पुष्कर तेली एवं बंसीलाल खटीक की उपस्थिति में प्रदान किये।

हिंदुस्तान जिंक ने हमेशा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देते हुए उन्हें सफलता हेतु हर संभव सहायता प्रदान की है। ये पुरस्कार शिक्षा क्षेत्र के प्रति हिंदुस्तान जिंक की प्रतिबद्धता को दर्शाती है और ग्रामीण समुदायों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच को सक्षम कर साक्षरता के लिए की गई सीएसआर पहल की विश्वसनीयता को और मजबूत करती है।

## सम्पादकीय

### राष्ट्र की बात : बांग्लादेशी हिंदुओं की चिंता और भारत का रुख

यह ऐसा दौर है जहां छोटे-मोटे विवाद भी भू राजनीतिक बहसों के विवाद में बदल जाते हैं। पिछले दिनों नरेंद्र मोदी और जो बाइडन के बीच टेलीफोन पर हुई बातचीत के बाद अमेरिका और भारत के बयानों में जो अंतर है उसे हम इसी आलोक में देख सकते हैं और मजाक के रूप में खारिज कर सकते हैं। इस बात को मुद्दा बनाया गया कि अमेरिका ने मोदी द्वारा बांग्लादेशी हिंदुओं की हालत पर जो चिंता जताई, अमेरिका ने उसका जिक्र नहीं किया। ऐसे में यही कहा जा सकता है कि भारत को समझदारी दिखाने की जरूरत है। समझदारी दिखाने की यह बात कई अलग-अलग वजह से भी लागू होती है। हम यह कह सकते हैं कि ये प्रतिक्रियाएं और व्यापक नाराजगी कोई मजाक नहीं है। यह गंभीर मसला है। सबसे गंभीर बात यह है कि भारतीय प्रधानमंत्री जो एक मजबूत और स्थिर सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं उन्हें पड़ोस के हिंदुओं की रक्षा के लिए अमेरिक से गुहार लगानी पड़ी। इससे कुछ गंभीर प्रश्न उत्पन्न होते हैं। मसलन: क्या हमें याद है कि इससे पहले कब किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने अमेरिका के (अब हमारा अनिवार्य रणनीतिक साझेदार) राष्ट्रप्रमुख से पड़ोसी देश में हिंदुओं की रक्षा में मदद मांगी थी? पुरी दुनिया से यह कहा जाता रहा है कि वह पाकिस्तान को भारत में सीमा पार आतंकवाद फैलाने से रोके। परंतु क्या भारत को इस बात की परवाह है कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) या अच्छे-अच्छे नामों वाले 10 अन्य आतंकी समूह पाकिस्तान के भीतर क्या कर रहे हैं? जरा देखिए कि टीटीपी पाकिस्तानी सेना के अगवा किए गए कर्नल के साथ क्या कर रही है? टीटीपी द्वारा जारी एक वीडियो में आप उन्हें गिड़गिड़ाते देख सकते हैं। क्या भारत ने कभी यह माना है कि हमारे निकट पड़ोस में किसी अन्य देश की वैध भूमिका हो सकती है? यहां तक कि इंदिरा गांधी के दौर में जब वॉयस ऑफ अमेरिका ने त्रिंकोमाली में एक ट्रांसमिटर लगाया था तब भी हम नाराज हो गए थे कि एक विदेशी शक्ति हमारे क्षेत्र में ऐसा कैसे कर सकती है।

हिंदू अक्सर पाकिस्तान में उत्पीड़न की शिकायत करते हैं और भारत में शरण चाहते हैं। तमिलों (ज्यादातर हिंदू) को एक समय लाखों की तादाद में श्रीलंका से निकलना पड़ा। नेपाल में मधेशी अक्सर भेदभाव की शिकायत करते हुए भारत की मदद चाहते हैं। क्या भारत कभी अमेरिका या यूरोप के देशों से हस्तक्षेप करने को कहने की कल्पना कर सकता है? अंतिम सवाल यह है कि क्या हम यह स्वीकार कर रहे हैं कि अमेरिका, बांग्लादेश पर हमसे अधिक प्रभाव रखता है। वह भी तब जब हम हर साल अपने उच्चायोग और चार वाणिज्य दूतावास 20 लाख बांग्लादेशियों को वीजा जारी करते हैं। इन पांचों प्रश्नों का एक ही सरल जवाब है: कभी नहीं, कभी नहीं, कभी नहीं। अब से चार दशक पहले दिसंबर 1971 में भारत का व्यापक रणनीतिक हित तीन सिद्धांतों पर आधारित था। पहला, देश की सरहदों को आगे कोई क्षति नहीं पहुंचनी चाहिए। दूसरा, भारत को परमाणु हथियारों के मामले में पूर्ण स्वायत्तता होनी चाहिए और तीसरा भारतीय उपमहाद्वीप हमारी श्रेष्ठता का क्षेत्र है। मजबूत भारतीय सरकार इसका विस्तार ही करने की कोशिश करेंगी, इसे छोटा करना अस्वीकार्य है।

# आज राजनीतिक दलों ने अपनी राजनीतिक रोटियाँ सेकने के लिए हमारे देश को जाति और धर्म में बांट दिया है !

**जातीय और धार्मिक भावनाओं को उभारकर राजनीतिक स्वार्थ की पूर्ति कोई नयी बात नहीं है। संविधान लागू होने के बाद देश में पहला आम चुनाव अक्टूबर, 1951 से फरवरी, 1952 के बीच हुआ था। तब से लेकर आज तक चुनाव में किसी न किसी रूप में जाति और धर्म के आधार पर राजनीतिक गोलबंदी और ध्रुवीकरण का इतिहास रहा ही है। अब तक 18 लोक सभा चुनाव हो चुका है। इसके अलावा राज्यों में अनगिनत विधान सभा चुनाव हुए हैं।इस समय हम 21वीं सदी के तीसरे दशक में हैं। यह डिजिटल सदी है। दुनिया तकनीकी विकास के उस युग में पहुँच चुकी है, जहाँ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का बोलबाला है। इसके विपरीत भारत में अभी भी जाति-धर्म की चाशनी में सराबोर राजनीति की धारा बह रही है। अगर हम ग़ौर से तमाम राजनीतिक दलों और नेताओं के बयानों, मंसूबों और इरादों का विश्लेषण करें, तो राजनीति में जाति-धर्म की मिलावट के मोर्चे पर भारत में कुछ भी नहीं बदला है। राजनीतिक तंत्र का विकास ही उस रूप में किया गया है, जिससे आम जनता चाहकर भी जाति-धर्म के चंगुल से बाहर नहीं निकल पा रही है।**

अशोक भाटिया




भारत देश का जन्म धर्मनिरपेक्षता के नाम पर हुआ था। लेकिन राजनीतिक दलों ने अपनी राजनीतिक रोटियाँ सेकने के लिए हमारे देश को जाति और धर्म में बांट दिया। भारत का संविधान बनाने वालों ने लोकतंत्र में राजनीतिक पार्टियों के लिए कुछ निर्धारित नहीं किया जिससे इन्होंने मन माने ढंग से भारत में अपने फायदे के लिए धर्म और जाति के आधार पर पार्टी का गठन किया। भाजपा ने जहाँ हिंदु वोट बैंक का सहारा लिया तो, कांग्रेस ने मुस्लिम वोट बैंक का तो वहीं तथाकथित सेक्युलर पार्टियों ने लूली - लगड़ी धर्मनिरपेक्षता के आधार पर मजहबी बंटवारे को बढ़ावा दिया। सवाल उठता है कि इस परिस्थिति के लिए ज़िम्मेदार कौन है। सरल शब्दों में कहें, तो, इसके कोई एक शख्स या कुछ व्यक्तियों का झुंड ज़िम्मेदार नहीं है। इस व्यवस्था और हालात के लिए देश के तमाम राजनीतिक दल और उनसे जुड़े नेता ज़िम्मेदार हैं। राजनीतिक दलों ने राजनीति को सिर्फ़ और सिर्फ़ सत्ता हासिल करने की महत्वाकांक्षा तक सीमित कर दिया है। इस महत्वाकांक्षा को हासिल करने में राजनीतिक दल और नेता किसी भी हद तक जाने को तैयार रहते हैं।

इसमें राजनीतिक दलों को जाति-धर्म का रास्ता सबसे सरल लगता है। यह स्थिति तब है, जब संवैधानिक और क़ानूनी तौर से जाति-धर्म के आधार पर सार्वजनिक रूप से वोट मांगने पर पाबंदी है। सैद्धांतिक तौर से हर दल और नेता इस तथ्य से इत्तिफ़ाक़ नहीं रखने का दावा करते आए हैं, लेकिन वास्तविकता और व्यवहार में पहले से यह होता आ रहा है। अभी भी यह प्रक्रिया बदस्तूर जारी है। जाति और धर्म किसी भी व्यक्ति को जन्मजात मिल जाता है। इसमें हासिल करने जैसा कुछ नहीं है। हम लोग बचपन से किताबों में पढ़ते आ रहे हैं कि जाति-धर्म के नाम पर राजनीति किसी भी संवैधानिक व्यवस्था में उचित नहीं है। आज़ादी के कुछ दशक तक कहा जाता था कि भारत में साक्षर लोगों की संख्या कम है। निरक्षरता की वज्ह से राजनीतिक दलों और नेताओं के लिए आम लोगों को जाति और धर्म के फेर में उलझाना आसान हो जाता था। हालाँकि उस वक़्त कहा जाता था कि जैसे-जैसे देश में साक्षरता बढ़ेगी, नए-नए तकनीक का आगमन होगा।।लोगों में वैज्ञानिक प्रवृत्ति की चेतना जागेगी।।वैसे-वैसे लोगों की सोच बदलेगी और फिर जाति-धर्म के आधार पर राजनीति करना मुश्किल होता जाएगा। इसे विडंबना ही कहेंगे कि साक्षरता बढ़ी, आम लोगों के जीवन में तकनीक का प्रयोग भी बढ़ा, उसके बावजूद राजनीति में जाति-धर्म का प्रभाव घटने की बजाए बढ़ गया है। पिछले एक दशक में इस प्रवृत्ति को और भी बढ़ावा मिलते दिख रहा है। कोई सैद्धांतिक तौर से इसे स्वीकार करे या नहीं करे।।यह वास्तविकता है कि पिछले एक दशक में बीजेपी की राजनीति के फलने-फूलने के पीछे एक महत्वपूर्ण फैक्टर धार्मिक आधार पर ध्रुवीकरण रहा है। आम लोगों में हिन्दू-मुस्लिम भावना को उकेर कर राजनीतिक स्वार्थ-सिद्धि में बीजेपी और उससे जुड़ी तमाम संस्थाओं को कामयाबी भी मिली है।पिछले एक दशक में हमने कई बार देखा और सुना है, जब बीजेपी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी पहचान को ओबीसी से जोड़ते हुए बयान दिया है। हालाँकि जब विपक्ष जातीय जनगणना के मसले को हवा देने लगा तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यह भी कहने से पीछे नहीं रहे कि देश में सिर्फ़ दो ही जाति है।।अमीर और ग़रीब। इनके अलावे भी कई सारे उदाहरण मौजूद हैं, जो बताते हैं कि बीजेपी के तमाम नेता धर्म के साथ ही जाति का ज़िक्र सार्वजनिक तौर करते रहे हैं। बीजेपी के वचर्स्व को ख़त्म करने के लिए अब कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल और उनके नेता जातिगत जनगणना को हर चुनाव में बड़ा मुद्दा बनाने के प्रयास में जुटे रहते हैं। धर्म के आधार पर ध्रुवीकरण की काट के तौर पर विपक्षी दल जातिगत भावनाओं के आधार पर भावनाओं को बल देने में जुटे हैं। भारत जोड़ो न्याय यात्रा में राहुल गांधी जिस मुद्दे को सबसे अधिक उभार रहे थे , वो जातिगत जनगणना का ही मसला है। राहुल गांधी का कहना है कि जिस जाति की जितनी आबादी है, उस अनुपात में उस तबक़े को हर चीज़ में हिस्सा मिलनी चाहिए। राहुल गांधी हर दिन देश की जनसंख्या में अलग-अलग जातियों और तबक़ों की हिस्सेदारी से जुड़े आँकड़ों को भी बता रहे हैं। राहुल गांधी, अखिलेश यादव जैसे नेता जातीय जनगणना को सामाजिक न्याय के लिए ज़रूरी बता रहे हैं। इसे वंचितों को हक़ देने से जोड़ रहे हैं। इसे विडंबना ही कहेंगे कि कुछ साल पहले तक जातिगत जनगणना के मसले पर राहुल गांधी इस तरह से मुखर नहीं थे। आगामी लोक सभा चुनाव को देखते हुए राहुल गांधी सबसे अधिक ज़ोर इसी मुद्दे को दे रहे हैं। अमुक जाति की इतनी आबादी है, तो उस अनुपात में उस जाति को उसका हक़ क्यों नहीं मिला।इस सवाल को राहुल गांधी बार-बार जनता के बीच उठा रहे हैं।

हालाँकि एक सवाल राहुल गांधी से भी बनता है। कांग्रेस तक़रीबन 6 दशक तक केंद्र की सत्ता में रहने के बावजूद इस काम को क्यों नहीं कर पायी। इसके साथ ही 2011 में हुई सामाजिक-आर्थिक जातिगत जनगणना में हासिल किए गए जातिगत आँकड़ों को उस वक़्त कांग्रेस की अगुवाई वाली सरकार ने क्यों नहीं जारी किया। अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा में राहुल गांधी को जातीय जनगणना का मुद्दा उठाते हुए इन सवालों का जवाब भी जनता के सामने रखना चाहिए था । सवाल तो राहुल गांधी से यह भी बनता है कि पिछले कई साल से इस मसले पर चुप्पी साधने के बाद अचानक देश में ऐसा क्या हुआ कि उन्हें जातिगत जनगणना का मसला सबसे महत्वपूर्ण लगने लगा। आख़िर लगभग 60 साल तक देश की सत्ता पर रहने के बावजूद कांग्रेस देश में सामाजिक न्याय को व्यवहार में लागू क्यों नहीं कर पायी। वंचित तबक़े को इतने सालों में उनका हक़ क्यों नहीं दिला पाई।

देश के आम लोगों और ग़रीबों के सामने और भी समस्याएं गंभीर रूप में मौजूद हैं। महंगाई, बेरोज़गारी, सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा सुविधा की कमी, बेहतर इलाज के लिए निजी अस्पतालों पर निर्भरता, सरकारी स्कूलों में शिक्षा का स्तर, शिक्षा के क्षेत्र में निजी क्षेत्र का प्रभुत्व जैसे कई मुद्दे हैं, जिनसे देश के हर तबक़े का वास्ता है। राहुल गांधी समेत विपक्ष के तमाम दल इन मुद्दों को उठाते तो हैं, लेकिन इनके लिए सड़क पर लंबा संघर्ष करता हुआ कोई भी विपक्षी दल और उनके नेता नज़र नहीं आते हैं। पिछले कुछ दिनों में विपक्षी नेताओं की ओर से जिस तरह के बयान आ रहे हैं, उससे स्पष्ट है कि जातिगत जनगणना का मुद्दा ही इनके लिए प्राथमिकता है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज आप दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ काम कर सकेंगे। इस काम का फल भी आपको अपेक्षानुसार मिलेगा। सरकारी क्षेत्र में लाभ होगा तथा आर्थिक व्यवहार करने में सफलता प्राप्त होगी।

**वृष**
क्रोध की मात्रा अपेक्षाकृत अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आज आपके अहम को कोई चोट न पहुंचे और आपका किसी से झगड़ा न हो, इसका ध्यान रखें। शारीरिक रूप से शिथिलता और मानसिक रूप से चिंता बनी रहेगी।

**मिथुन**
नौकरी में पदोन्नति होगी। गृहस्थ जीवन में भी आनंद का वातावरण छाया रहेगा। व्यापार के उद्देश्य से कहीं बाहर भी जाना हो सकता है। आज स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम रहने की संभावना है। शारीरिक रूप से आलस्य की भावना रहेगी।

**कर्क**
नई परियोजना की शुरुआत के लिए आज दिन शुभ है। सरकार की ओर से लाभ मिलने संभावना है। छोटे प्रवास का आयोजन हो सकता है। दोस्तों, करीबियों या पड़ोसियों के साथ पुरानी अनबन की घटना में सकारात्मक परिणाम आएगा। मायके से लाभदायी समाचार प्राप्त होंगे।

**सिंह**
काम की भागदौड़ के कारण परिजनों के प्रति ध्यान नहीं दे पाएंगे। हानिकर विचार, वर्तन और आयोजन से दूर रहें। पेट से संबंधित परेशानी हो सकती है। कहीं जाने का कार्यक्रम आज हो सकें, तो टाल दें। सरकारी कार्यों में सफलता प्राप्त होगी।

**कन्या**
पारिवारिक वातावरण अनुकूल नहीं रहेगा। परिजनों के साथ गलतफहमी न हो इसका ध्यान रखें। अभ्यास में अभिरुचि होते हुए भी विद्यार्थियों को अपेक्षित परिणाम नहीं प्राप्त होगा। अनैतिक प्रवृत्तियों से दूर रहें। धन का अधिक खर्च होगा। आंखों में पीड़ा होने की संभावना है।

**तुला**
आज आप में आत्मविश्वास की अधिकता रहेगी। किसी भी काम को करने के लिए जल्दबाजी से नुकसान हो सकता है। पिता और बड़ों से लाभ होगा। सामाजिक रूप से मान-सम्मान में वृद्धि होगी। वाणी और व्यवहार उग्रता न हो, इसका ध्यान रखें।

**वृश्चिक**
आर्थिक दृष्टिकोण से सावधानी बरतने का समय है। आज नकारात्मक मानसिकता के साथ व्यवहार न करें। शारीरिक और मानसिक रूप से आप अस्वस्थ रहेंगे। मन में दुख और असंतोष की भावना हो सकती है।

**धनु**
आज आपको अपने उग्र स्वभाव पर संयम रखने की जरूरत है। शारीरिक और मानसिक रूप से शिथिलता का अनुभव होगा। अधिक परिश्रम के बावजूद अपेक्षित सफलता नहीं मिलेगी। संतान के विषय में आपको चिंता हो सकती है।


**मकर**
विवाहोत्सुक लोगों को जीवन साथी प्राप्त होने के योग हैं। रुचिकर भोजन प्राप्त होगा। आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी होगा। व्यावसायिक स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। काम में सफलता प्राप्त करने में आसानी होगी।

**कुंभ**
मित्रों और स्वजनों के साथ वैचारिक स्तर पर मनमुटाव हो सकता है। स्वभाव में उग्रता और क्रोध की भावना रहेगी। धार्मिक काम में धन का खर्च होगा। धन का आकस्मिक व्यय हो सकता है। विवाद या झगड़े से हर संभव दूर रहें।

**मीन**
किसी धार्मिक स्थल या मांगलिक कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। शारीरिक रूप से अस्वस्थ रहने तथा कार्य सफलता प्राप्त करने में विलंब होने से आपको निराशा हो सकती है। आज किसी नए काम का आरंभ न करें।

## शख्सियत

**'माना कि भीड़ से अलग मेरा अस्तित्व हर किसी को समझ ना आए लेकिन मुझे मेरी मंजिल व सफर का आभास है इसलिए मेरा वजूद ही मेरी पहचान है'**



**एनएस भूटानी**
(शिक्षाविद, सिंगर, योगाचार्य व लेखक)

नमस्कार मित्रों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार है श्री एनएस भूटानी जोकि शिक्षा विद हैं और असंख्य बच्चों को आज बड़े मुकाम पर पहुँचा चुके हैं।नानक सिंह भूटानी( नरेन) पुत्र स्व.चौधरी जगदीश भूटानी का जन्म 14 अगस्त 1060 को बरवाला शहर जिला हिसार में संपन्न किसान परिवार में हुआ। बचपन में ही इनके पिता द्वारा गोविंदगढ़ अलवर में आ गए थे, इनका बचपन गांव के खेत खलियान में ही बीता, जो आज भी इनको सुकून देता है।ये कुल 6 भाई बहिन है। इनकी वास्तविक चर्या ईश्वर की हर करणी में अटूट व अनंत विश्वास है। स्कूली शिक्षा गोविंदगढ़ से, स्नातक एवम स्नातकोत्तर डिग्री अलवर से प्राप्त की, इसके अलावा क्रश्वस्र कोटा से, एचटीसी , जयपुर से की। आपने बहुत ही संघर्षपूर्ण जीवन जिया है, आप एक बेहतरीन क्रिकेटर रहे है, आप एक अच्छे सिंगर भी है , आपके द्वारा गाए गए 2000 से अधिक गाने स्टार मेकर पर है, आपने एलआई सी में विकास अधिकारी, बैंकिंग सेवा,शिक्षा विभाग में भी कुछ समय कार्य किया है। आपने जीवन के 40 वर्ष से अधिक शिक्षण कार्य में समर्पित किए है, आप अलवर की सबसे कम विकसित क्षेत्र में स्कूल की सबसे पहले शुरुआत सरकारी नौकरी छोड़कर की, और तब से आज तक नाम मात्र का शुल्क लेकर उसे संचालित कर रहे है, अनेकों बार आपको सम्मिनित किया जा चुका है। आज आपके द्वारा शिक्षित अनेकों बच्चे, चिकित्सा के क्षेत्र मे, इंजीनियरिंग के क्षेत्र में, न्यायिक सेवा क्षेत्र में एवम अन्य प्रतिष्ठित सेवाओं में देश की सेवा कर रहे है।आप शिक्षण संस्थाओं के जिलाध्यक्ष के पद पर, राजस्थान सतर्कता समिति के सदस्य, शिक्षा विभागीय परीक्षा समित के भी सदस्य रह चुके है। वर्तमान में आप दून वैली सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य है।आज भी आपका सपना है की आखिरी सांस तक मैं बच्चों को शिक्षा देता रहूं।आप अंतराष्टीय संस्था आर्ट ऑफ लिविंग के योगाचार्य, सुमेरू सिंगर के साथ साथ एबीसी की जिला मीडिया समन्वयक का कार्य भी कर रहे है। भूटानी जी वर्तमान में, शिक्षा के पुनीत कार्य के साथ साथ योग और ध्यान के माध्यम से लोगो को स्वस्थ जीवन, चिंता मुक्त,भय मुक्त, जीवन जीने के लिए प्रेरित कर रहे है। पत्नी श्रीमती चंद्रकला भी राजकीय सेवा से रिटायर हुई है, बेटा यूके में सेवारत है, बेटी बैंक अधिकारी पद पर कार्यरत है। भूटानी जी लेखक भी हैं विचारक भी हैं। ये मेरा व्यक्तिगत सौभाग्य है कि बड़े भाई के रूप में मुझे इनका सनिध्य ढाई दशक से मिलता आ रहा है। बहुत चिंतनशील जीवन व अनुशासन जबकि सही मायने ने दोनों विरोधाभासी हैं फिर भी मैनेज करने की कला है और शायद यही जीवन जीने की कला का प्रादुर्भाव है। अनन्त शुभकामनाएं सर आपको ऐसे ही स्वस्थ व आनन्दित जीवन जीते रहे। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम आपके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करती है।

**जय हिंद**

## आज का इतिहास


### 3 सितंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- इंग्लैंड तथा स्कॉटलैंड के बीच 1650 में डनबर की लड़ाई।
- फ्रांस की नेशनल एसेंबली ने 1791 में फ्रांसीसी संविधान को पारित किया।
- अमेरिका और ब्रिटेन के बीच पेरिस की संधि के साथ 1783 को क्रांतिकारी युद्ध समाप्त हो गया।
- अमेरिका में 1833 को पहली सफल समाचार पत्र 'न्यूयार्क सन' बेंजामिन एच डे के द्वारा शुरू किया गया था।
- रूसी सेना ने 1900 में रूस तथा मंचूरियाई सीमा के दोनों तरफ आमूर नदी पर नियंत्रण स्थापित किया।
- कार्डिनल गियाकोमा डेल्ला चिएसा पोप बेनेडिक्ट 1914 में 15वां बना।
- प्राचीन इस्लामी नगर दमिश्क़ पर 1918 में ब्रिटेन की सेना का अधिकार हो गया।
- चीन में गृह युद्ध की शुरुआत 1924 में हुई।
- जर्मनी के पोलैंड पर चढ़ाई करने के दो दिन बाद ब्रिटेन-फ्रांस ने 1939 को उसके खिलाफ जंग का ऐलान किया।
- ब्रिटिश प्रधानमंत्री नेविले चेम्बरलिन द्वारा एक रेडियो प्रसारण पर 1939 में ब्रिटेन और फ्रांस का जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा करने के साथ ही द्वितीय विश्व युद्ध शुरु हुआ।
- दूसरे विश्व युद्ध के दौरान मित्र राष्ट्रों ने 1943 में इटली पर हमला किया।
- द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी के घटक देश इटली ने 1943 में हथियार डालने के समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- एमीलियो नीनो फरिना 1950 में पहले स्न1 वर्ल्ड चैपिंयन बने।
- अमेरिकी अटॉर्नी जनरल रॉबर्ट केनेडी ने 1964 में इस्तीफा दिया।
- कतर 1971 को स्वतंत्र राष्ट्र बना।
- दक्षिण अफ्रीका ने 1984 में संविधान को अंगीकार किया।
- दक्षिण फिलिपीन्स में 1984 को आये एक भयानक तूफान की वजह से करीब 1300 मारे गए और सैकड़ों घायल हुए।
- स्विस एयर का न्यूयॉर्क से जेनेवा जा रहा हवाई जहाज, नोवा स्कोटिया के पास समुद्र में गिर गया। इस जहाज ने 1998 में हादसे के महज एक घंटे पहले ही उड़ान भरी थी।
- नेल्सन मंडेला द्वारा गुट निरपेक्ष आंदोलन शिखर सम्मेलन में 1998 में कश्मीर का मुद्दा उठाये जाने पर प्रधानमंत्री वाजपेयी ने कड़ी आपत्ति व्यक्त की।

## विशेष आलेख

# अरबपति दानवीर भी बन जाएं तो कुछ बात बने

आर.के. सिन्हा



अभी कुछ दिन पहले एक खबर मीडिया की सुर्खियों में थी कि भारत की वित्तीय राजधानी मुंबई अब एशिया की 'अरबपतियों की राजधानी' बन गई है। हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2024 के अनुसार, मुंबई में चीन के राजधानी शहर बीजिंग से भी ज़्यादा अरबपति व्यक्ति रहने लगे हैं। भारत में मुंबई के बाद सबसे ज्यादा अरबपति अब दो और महानगरों नई दिल्ली और हैदराबाद में ही रहते हैं। उम्मीद करनी चाहिए कि देश में अरबपतियों की तादाद देश में विकास की रफ़्तार के साथ बढ़ती ही रहेगी। अरबपति छोटे शहरों और कस्बों में भी बनें। पर भारत को फिलहाल सैकड़ों-हजारों दानवीर भी तो चाहिए। भारत, अपने युवा और विविध जनसंख्या के बावजूद , दुनिया की सबसे तेजी से विकसित होने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। हालांकि, फ़िलहाल इसकी समृद्धि असमान रूप से वितरित है। लाखों लोग गरीबी, भुखमरी, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा तक की पहुँच से वंचित हैं। इस असमानता को कम करने और भारत को एक समृद्ध और न्यायपूर्ण राष्ट्र बनाने के लिए अधिक से अधिक दानवीरों की आवश्यकता है। हमें इस तरह के दानवीर चाहिएं जो हर साल बड़ी राशि स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्रों में खर्च करें। यह संतोष का विषय है कि बिल गेट्स ने अपनी समृद्धि का उपयोग मानवता की सेवा में किया है। उनके द्वारा स्थापित बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन ने वैश्विक स्वास्थ्य, शिक्षा और विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान दिया है। भारत में स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में बड़ी चुनौतियाँ हैं, जिसमें गरीबों के लिए स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच सीमित है। बेशक, दानवीर स्वास्थ्य सेवा में निवेश करके, नई तकनीकों और दवाओं को विकसित करने में मदद कर सकते हैं। वे गरीबों के लिए स्वास्थ्य सेवा की पहुँच को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में अस्पतालों और क्लिनिकों का निर्माण कर सकते हैं।भारत में शिक्षा प्रणाली में भी सुधार की बड़ी आवश्यकता है। इस क्षेत्र में बहुत सारे दानवीरों को निवेश करना चाहिए।वे शिक्षा के क्षेत्र में निवेश करके, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। समृद्ध दानवीर शिक्षकों के प्रशिक्षण, स्कूलों का आधुनिकीकरण और नए शिक्षण उपकरणों का विकास जैसे क्षेत्रों में निवेश कर सकते हैं। यह कोई नहीं कह रहा है कि हमारे यहां दानवीर शिक्षा या हेल्थ सेक्टर में निवेश नहीं करते। पर इन दोनों क्षेत्रों में शत प्रतिशत सरकार के भरोसे भी तो नहीं रहा जा सकता। सरकार की भी अपनी सीमाएं हैं।

इसके साथ ही भारत में गरीबी और असमानता को दूर करने के लिए बड़े पैमाने पर चहुँमुखी सामाजिक विकास की आवश्यकता है। दानवीर गरीबों को रोजगार के अवसर प्रदान करने और उनकी आय बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। वे ग्रामीण विकास, कृषि, स्वरोजगार और महिलाओं के सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में निवेश कर सकते हैं। भारत जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से जूझ रहा है। इस स्थिति का सामना करने के लिए हमारे दानवीर नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को विकसित करने और पर्यावरण संरक्षण के लिए नवाचारों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। वे जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए जल संरक्षण और ज़्यादा पानी अवशोषित करने वाले गेहूँ, धान और गन्ना के उत्पादन को छोड़कर या कम करके परंपरागत मोटे और छोटे अनाजों के उत्पादन को बढ़ावा देने का अभियान चला सकते हैं। एक किलो धान के उत्पादन में जहाँ 8000 लीटर , एक किलो गेहूँ उत्पादन में 10,000 लीटर पानी और एक किलो चीनी के उत्पादन में 28,000 लीटर पानी का व्यय होता है , वहीं एक किलो छोटे अनाज कोदो, कँगनी, कुटकी , साँवा और हरा सावाँ के उत्पादन में मात्र 100 से लेकर 300 तक ही पानी की आवश्यकता पड़ती है । इसीप्रकार, हर तरह के दूरगामी और टिकाऊ विकास को बढ़ावा देने के लिए भी दानवीर अरबपति पर्यावरणीय संगठनों को समर्थन दे सकते हैं। मैं अपना खुद का उदाहरण देना चाहूँगा । मैं 1966 से लेकर 1975 में स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गाँधी द्वारा लगायी गई इमरजेंसी के पूर्व तक उस समय भारतवर्ष के दो बड़े मीडिया संस्थानों में से एक में विशेष संवाददाता था । तनख़्वाह थी मात्र 230 रुपए प्रतिमाह। संपादकीय पृष्ठ पर एक लेख लिखने पर प्रति लेख 10 रुपए अलग से मिल जाते थे । लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रेरणा और आशीर्वाद से भूतपूर्व सैनिकों के पुनर्वास के लिये एक छोटा सा सेवामूलक कार्य शुरू किया और तीन लाख भूतपूर्व सैनिकों और बेरोज़गार युवक - युवतियाँ को रोज़गार दिया । आज उन संस्थाओं का वार्षिक कारोबार लगभग 13,000 करोड़ का है । संतोषप्रद लाभ भी है । लेकिन , मैं अपने लाभाँश का लगभग 95प्रतिशत अपने पूज्य माता और पिताजी की स्मृति में स्थापित 'अवसर ट्रस्ट ' के माध्यम से ज़रूरतमंद लोगों की शिक्षा , चिकित्सा , बिना दहेज विवाह , किसी भी तरह की समाज सेवा करने वाली संस्थाओं की सहायता में खर्च करता हूँ। इससे जो आत्मीय संतुष्टि मिलती है, उसका वर्णन करना संभव नहीं है । धन की गति या तो व्यभिचार के लिये होगी या सद्कार्यों के लिये । अरबपतियों को एक ही रास्ता चुनना होगा । नोटों की गड्डी पर न तो आज तक कोई जला है , न जलेगा ।तब बुद्धिमत्ता पूर्वक सबको यह सूचना चाहिये कि संचित धन का सदुपयोग करना है या दुरुपयोग ?नए-नए करोड़पतियों और अरबपतियों को अनुसंधान और विकास में भी निवेश करना चाहिए। ये दानवीर वैज्ञानिक अनुसंधान, तकनीकी नवाचार और नए क्षेत्रों में निवेश करके, भारत को वैज्ञानिक और तकनीकी क्षेत्र में नेता बनने में मदद कर सकते हैं। वे नए उद्यमों को शुरू करने और भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था में और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए निवेश कर सकते हैं। इंफोसिस टेक्नोलॉजीज के को-फाउंडर नंदन नीलेकणि शिक्षा के क्षेत्र में बहुत दान देते हैं। उन्होंने कुछ समय पहले इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) बॉम्बे को 315 करोड़ रुपए दान किये। इससे पहले भी, उन्होंने आईआईटीञ्ज बॉम्बे को 85 करोड़ रुपए दान किया था। यानी अब तक वो आईआईटी बॉम्बे को करीब 400 करोड़ रुपये का दान कर चुके हैं। दरअसल देश के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्लायों के सफल छात्रों को अपने शिक्षण संस्थानों की आर्थिक मदद करनी चाहिए। इन संस्थानों को सरकार की मदद के सहारे पर नहीं छोड़ा जा सकता है। अमेरिका में पूर्व छात्र अपने कॉलेजों और विश्व विद्लायों की भरपूर मदद करते हैं। पूर्व छात्रों की मदद से ही उनके शिक्षण संस्थानों में रिसर्च और दूसरी सुविधाएं बढ़ाई जा सकती हैं। नीलकेणी की सबसे बड़ी कामयाबी आधार कार्ड है। देश के हर नागरिक को एक विशिष्ट पहचान संख्या या यूनिक आइडेंटीफिकेशन नम्बर को उपलब्ध करवाने का विचार उन्होंने ही सफलतापूर्वक चलाया था। इसमें दो राय नहीं हो सकती कि भारत में नंदन नीलकेणी जैसे दानवीरों की संख्या को बढ़ाना होगा। अजीम प्रेमजी और शिव नाडर जैसे अरबपति दानवीर भी देश के युवाओं को सामाजिक उद्यमिता, सामुदायिक विकास और सामाजिक बदलाव के लिए प्रेरित कर सकते हैं। वे भारत के संसाधनों का प्रभावी उपयोग करके, गरीबी को दूर करने और मानवता की सेवा करने के लिए सहायता भी कर सकते हैं। कभी-कभी मन उदास हो जाता है कि भारत में दानवीरों की काफी कमी हैं। देखिए भारत में अब भी धनी लोग समाज के लिए धन देने से कतराते हैं। उन्हें लगता है कि उनका टैक्स देना ही काफी है। यह सोच बदलनी होगी। फिर भारत में भ्रष्टाचार व्याप्त है, जिससे लोगों को दान करने के लिए प्रेरित करने में कठिनाई होती है। उन्हें डर लगता है कि उनके दान का गलत उपयोग किया जाएगा। कई मामलों में यह होता भी है। फिर कई लोग दान के बारे में जानकारी नहीं रखते हैं या वे यह नहीं जानते कि वे दान कैसे कर सकते हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार



## सदस्यता अभियान और उपचुनावों की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

### जिला भाजपा महामंत्री ने पार्टी प्रत्याशी को जिताने का किया आह्वान

बढता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** भाजपा के नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय कार्यालय पर सोमवार शाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पार्टी के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान की शुरुआत की। उसी कार्यक्रम को लेकर सोमवार को भाजपा के जिला महामंत्री प्रभु बाडोलिया ने देवली शहर और नासिरदा मण्डल के कार्यकर्ताओं के साथ सदस्यता अभियान और उप चुनाव को लेकर नासिरदा में बैठक कर चर्चा की। बाड़ोलिया ने केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकार की लोक कल्याण की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाकर उप चुनावों में पार्टी के प्रत्याशी को जिताकर भेजने का आह्वान किया। इस मौके पर महामंत्री विष्णु शर्मा ने सदस्यता अभियान को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने बताया कि भाजपा आज विश्व का सबसे बड़ा रातनीतिक संगठन है तो सिर्फ कार्यकर्ताओं की बदौलत। उन्होंने इस अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद, भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता रामदयाल नागर, रामदेव धाकड, रतन माहेश्वरी, हिसामपुर सरपंच राजेंद्र धाकड, नासिरदा पूर्व सरपंच मोहनलाल सैनी सहित काफी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।।

# किसान खुद कर सकेंगे ऑनलाइन गिरदावरी

## पटवारी पर निर्भरता होगी कम, किसान भी रहेंगे संतुष्ट

बढता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने बजट घोषणा के तहत राज्य सरकार की ओर से किसानों को स्वयं गिरदावरी करने की सुविधा प्रदान की है। जिला कलेक्टर (भू-अभिलेख) ने बताया कि इस बार खरीफ गिरदावरी (वर्ष 2024) का कार्य 15 अगस्त से शुरू कर दिया गया है। इसके लिए सबसे पहले काश्तकार अपने मोबाइल फोन में गूगल प्ले स्टोर के माध्यम से राज किसान गिरदावरी ऐप डाउनलोड करके अपने जन आधार से लॉगिन कर ई-गिरदावरी कर सकेंगे।




### ऐसे करें ई-गिरदावरी

राज किसान गिरदावरी ऐप डाउनलोड कर अपने जन आधार से ऐप लॉगिन करना होगा। आधार से जड़े मोबाइल नम्बर पर ओटीपी प्राप्त होगा, जिससे वेरिफाई होने के बाद ऐप लॉगिन हो जाएगा। उसके बाद फसल विवरण जोड़े पर क्लिक करना है, फिर ऊपर की साइड में जनाधार से जुड़े खसरे का ऑप्शन आएगा एवं दूसरी साइड में खसरा सर्च करें का ऑप्शन रहेगा। इन दोनों ऑप्शन में से खसरा सर्च कर क्लिक करने पर सिम्पल पेज खुलेगा। उसमें काश्तकार को अपना जिला, तहसील एवं गांव सलेक्ट करते हुए आगे बढ़ना होगा। इसके पश्चात अपने खेत का खसरा अंकित करते हुए कैलिब्रेट करें पर क्लिक करना होगा। कैलिब्रेट करने के बाद गिरदावरी सीजन एवं फसल सलेक्ट करते हुए खसरे का एरिया हैक्टेयर में अंकित करना होगा। उसके बाद फसल सिंचित है या असिंचित एवं सिंचाई का स्त्रोत तथा फलदार पेड़ है तो उनकी संख्या आदि अंकित करते हुए खेत-खसरे में जो फसल बो रखी है, उसकी साफ-सुथरी फोटो अपलोड करनी होगी। उक्त प्रक्रिया के बाद प्रिंट प्रिव्यू का ऑप्शन दिखेगा, वहां क्लिक करने के बाद सबमिट का ऑप्शन रहेगा। सबमिट के ऑप्शन पर क्लिक करने पर काश्तकार की ओर से की गई गिरदावरी सबमिट होते हुए पंजीकरण संख्या प्राप्त हो जाएगी। गिरदावरी प्रक्रिया संबंधित खसरों (खेत) में खड़े रहकर ही पूर्ण करनी होगी।

### ऐप से गिरदावरी करते समय ध्यान रखने योग्य मुख्य बातें

एक खाते में एक से अधिक खातेदार होने की स्थिति में किसी भी एक खातेदार की ओर से संपूर्ण खसरे की गिरदावरी करें। एक खसरे में एक से अधिक फसल है, तो एक से अधिक फसल की गिरदावरी सबमिट की जाए। गिरदावरी करते समय फसल के साथ खुद की सेल्फी फोटो की आवश्यकता नहीं है। जिन काश्तकारों के खेत में किसी प्रकार की फसल नहीं है तो भी निल फसल (बिना फसल) की गिरदावरी सबमिट करें, ताकि किसी खसरे की रबी गिरदावरी बकाया नहीं रहे। गिरदावरी सबमिट से पहले भली भांति देख लें कि गिरदावरी से संबंधित समस्त विवरण सही है या नहीं। गिरदावरी एक बार सबमिट करने के बाद काश्तकार उस गिरदावरी में किसी प्रकार का संशोधन नहीं कर पाएंगे। एक बार गिरदावरी सबमिट होने के बाद किसी प्रकार के एडिट की आवश्यकता रहे तो संबंधित पटवारी से संपर्क कर वांछित एडिट करवाया जा सकता है।

### ई-गिरदावरी के फायदे

किसानों की ओर से स्वयं ऑनलाइन गिरदावरी करने से गिरदावरी कार्य में पटवारी स्तर पर निर्भरता कम रहेगी एवं वास्तविक फसल की गिरदावरी करना संभव हो सकेगा। साथ ही फसल का अंकन समुचित रूप से हो पाएगा। फसल गिरदावरी वास्तविक फसल के आधार पर हुई है, इस बात को लेकर काश्तकार को पूर्ण रूप से संतुष्ट रहेगा।

### अभिभाषक संघ ने कामकाज को लेकर जताई नाराजगी

## निवाई उपखण्ड अधिकारी, एसीएम और तहसीलदार के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित

### समाधान ना होने तक वकील नहीं करेंगे काम

बढता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** अभिभाषक संघ, निवाई ने उपखण्ड अधिकारी निवाई, एसीएम और तहसीलदार निवाई के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित करते हुए अनिश्चिकालीन हड़ताल की घोषणा की है। संघ के अध्यक्ष सीताराम शर्मा ने बताया कि सोमवार को बैठक कर निंदा प्रस्ताव पारित कर हड़ताल की घोषणा की गई है।

अभिभाषक संघ अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि राजस्व के प्रकरणों में तीनों अधिकारी नियमों और प्रक्रिया के विरुद्ध काम कर रहे हैं। मनमर्जी के आदेश निकाले जा रहे हैं तो कई मामलों में विधि विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जा रही है। प्रकरणों की सुनवाई में भी पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है। जिस पर मन करता है सुनवाई-बहस करते हैं, जिस पर नहीं करता है तो प्रकरण को आगे की तारीख पर डाल देते हैं। जिससे विवादों के निस्तारण में बेवजह देरी हो रही है। उन्होंने बताया कि संघ ने कुछ प्रकरणों के दस्तावेज निकलवाए हैं, जिनसे उनके लगाए आरोपों की पुष्टि होती है। संघ का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव से मुलाकात उपरोक्त दस्तावेज को प्रस्तुत करेगा। जब तक अधिवक्ता इन अधिकारियों की कोर्ट में काम नहीं करेंगे।

# गणपति महोत्सव समिति के मोतीलाल कारवाल संयोजक मनोनीत

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** हिन्दु समरसता मंच के तत्वावधान में आयोजित किए जाने वाले गणपति महोत्सव के लिए गठित गणपति महोत्सव समिति के अध्यक्ष पद पर सेवानिवृत शिक्षक एवं समाजसेवी मोतीलाल कारवाल को संयोजक मनोनीत किया गया है। बीति देर रात्रि हिन्दु समरसता मंच एवं शहर के प्रबुद्धजनो की बैठक आयोजित हुई। बैठक में इस साल मनाए जाने वाले गणपति महोत्सव के आयोजन का प्रस्ताव रखा गया। बैठक में हुए निर्णय की जानकारी देते हुए मंच के एडवोकेट कृष्णकांत जैन ने बताया कि इस वर्ष गणपति महोत्सव आयोजन समिति के तत्वावधान में महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए सर्वसम्मति से एक समिति का गठन किया गया। जिसमें सेवानिवृत शिक्षक मोतीलाल कारवाल को संयोजक तथा डॉ. राजकुमार गुप्ता, भवानी शंकर शर्मा, पवन सेन, लक्ष्मणा पेन्टर, रामसहाय वर्मा, दिनेश विजय तथा बादल सिंह को सह संयोजक मनोनीत किया गया। जैन ने बताया कि गणपति महोत्सव आयोजन समिति आगामी दिनो में आयोजित होने वाले गणपति महोत्सव की रूपरेखा तैयार कर मंच के सामने रखेगी। इस विचार विमर्श के बाद सभी की आम सहमति ने महोत्सव की रूपरेखा को अन्तिम रूप प्रदान किया जाएगा।



## जैन बाल मंडल का हुआ गठन



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** मालपुरा के गांधी पार्क के नजदीक स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर में आर्यिका सुरम्य मती माताजी के पावन सानिंध्य में समाज के बालको के जैन बाल मंडल का गठन किया गया है। पवन जैन संगम ने बताया कि पर्यूषण पर्व के दौरान समाज के बालको को धर्म से जोड़कर कार्यक्रमो का आयोजित करने के लिए आर्यिका सुरम्य मती माताजी का आर्शिवाद एवं पावन सानिध्य मिला। इसके लिए एक बाल मंडल का गठन किया गया। मंडल के अक्ष और शुभ ने बताया कि बाल मंडल के तत्वावधान में आगामी पन्द्रह दिनो की अवधि में अनेक कार्यक्रमो का आयोजन होगा। जिसमें मुख्य आकर्षण 15 सितम्बर को आयोजित होने वाले खुल जा सिम सिम कार्यक्रम होगा। जिसके लिए मंडल के सभी सदस्य तैयारियो में जुट गए हैं।

# अवैध बजरी और नशे के काराबार पर कसेंगे लगाम

### टोंक आए एडीजी ने दिए प्रभावी कार्रवई के निर्देश

### आइजी ने बैठक कर लम्बित प्रकरणों के निस्तारण पर दिया जोर

बढता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** मुख्यमंत्री के निर्देश, कि एडीजी, रेंज में जाकर पुलिस की कार्यप्रणाली देखें और आमजन से संवाद करें, पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सचिन मित्तल और अजमेर आईजी ओमप्रकाश सोमवार को टोंक पहुंचे। उन्होंने पुलिस के लम्बित प्रकरणों, संसाधनों, गश्त, कार्रवाई और आमजन से जुड़ाव की स्थिति देखी। एडीजी ने जिले की सबसे गंभीर समस्या बजरी के अवैध खनन और परिवहन पर कड़ी कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने बजरी खनन और माफिया पर रिपोर्ट भी मांगी और जिला पुलिस को लगातार कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान सचिन मित्तल ने जिले में महिलाओं के प्रति अपराध और पुलिस के व्यवहार को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने ऐसे प्रकरणों में गंभीरता बरतने के निर्देश दिए। बाद में आइजी ओमप्रकाश ने जिले के पुलिस अधिकारियों की बैठक ली और नशे के काराबार पर अंकुश लगाने और प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएलजी सदस्यों के साथ भी बातचीत की। सदस्यों के सुझावों पर जिला पुलिस अधीक्षक को कार्रवाई करने को कहा।

## बढ़ते मच्छरो के प्रकोप को कम करन के लिए फोगिंग करवाने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** अभिभाषक संघ मालपुरा एवं जिला आयोजना समिति के सदस्य द्वारा नगरपालिका मालपुरा के कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी तहसीलदार राहुल पारीक को ज्ञापन सौंप कर पालिका क्षेत्र सहित पालिका के फेरापेरी क्षेत्र में बढ़ते मच्छरो के प्रकोप को कम करने के लिए फोगिंग करवाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। सोमवार को संघ अध्यक्ष एडवोकेट रवि कुमार जैन व जिला आयोजना समिति सदस्य तथा वार्ड नं. 30 के पार्षद डॉ. अकिंत जैन के नेतृत्व में वकीलो सहित शहर के प्रबुद्धजनो के प्रतिनिधिमंडल तहसीलदार राहुल पारीक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि बारिश के रूक जाने के बाद नगरपालिका क्षेत्र सहित पालिका के पेराफेरी क्षेत्र में कई स्थानो पर पानी भरा हुआ है। इस भरे पानी में मच्छरो की भरमार है। जिससे मौसमी बिमारियो के फैलने का खतरा है। ज्ञापन में मांग करते हुए लिखा गया कि शहरी व पेरापेरी क्षेत्र में बढ़ रहे मच्छरो के प्रकोप को कम करने तथा मौसमी बिमारियो की रोकथाम के लिए अतिशीध्र फोगिंग करवाई जाकर राहत प्रदान की जाए। ज्ञापन देते समय एडवोकेट शशि जैन सहित संघ के अन्य कई सदस्य वकील मौजुद रहे।

# शिक्षको को मिला शिक्षा श्री का अवार्ड

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा (नि.स.)।** मालपुरा क्षेत्र के शिक्षको को शिक्षा श्री के अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इस बाबत जानकारी देते हुए पवन जैन संगम ने बताया कि सोमवार को जिला मुख्यालय पर भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षको को शिक्षा श्री के सम्मान से सम्मानित किया गया है। समारोह में सम्मानित होने वाले शिक्षको में राउमावि कांटोली मे कार्यरत शिक्षक राकेश जैन, राजकीय बालिका उप्रावि अम्बापुरा की शिक्षिका इन्द्रा जैन तथा राउप्रावि के शिक्षक अरूण काबरा शामिल है। जैन ने बताया कि शिक्षा श्री के सम्मानित होने वाले ये तीनो शिक्षक रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन के सदस्य हैं तथा पिछले काफी वर्षो से क्लब से जुड़कर जरूरतमंद मानव की सेवा करने का उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। साथ ही तीनो शिक्षक अपने अपने विद्यालय के विकास, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने सहित राज्य सरकार की योजनाओं को लागू करने में इनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस समारोह में विद्यालय विकास के लिए भामाशाहो को प्रेरित करने के लिए प्रेरक के रूप में शिक्षक महेन्द्र कुमार शर्मा प्रधानाचार्य राउमावि कांटोली को शिक्षा श्री के सम्मान से सम्मानित किया गया हैं।

## डॉ. केएन मोदी विश्वविद्यालय मे आयोजित दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए महामहिम राज्यपाल हरिभाऊ बागडे को किया आमंत्रित

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** डॉ. केएन मोदी विश्वविद्यालय मे आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए महामहिम राज्यपाल हरिभाऊ बागडे को आमंत्रित किया है। डॉ. केएन मोदी विश्वविद्यालय निवाई के चैयरमैन डॉ. देवेन्द्रकुमार मोदी जी व यूएन मिश्रा कुलसचिव व सोशल वेलफेयर क्लब अध्यक्ष ठा. तनुज सैंगर ने राजभवन जयपुर मे राजस्थान के नवनियुक्त महामहिम राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से शिष्टाचार भेंट कर मोदी विश्वविद्यालय मे आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है।

## नशा मुक्ति और नैतिक शिक्षा के साथ जेनरेशन गैप को लेकर छात्र, छात्राओ दी जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (नि.स.)।** उपखंड के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुहावनी में समाज सेवा समिति द्वारा नशा मुक्ति नैतिक शिक्षा एवं जेनरेशन गैप को लेकर समिति के प्रेरक बच्चू सिंह रावत द्वारा छात्र छात्राओं को अवगत कराया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व व्याख्याता बच्चू सिंह रावत ने कहा कि जेनरेशन गैप होने से समाज में स्वस्थ वातावरण निर्माण में बाधा उत्पन्न हो रही है, उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया तथा नशे से व्यक्ति, परिवार, समाज और देश की हानि होने को लेकर समझाया। कार्यक्रम में रामेश्वर दयाल प्रबंधक द्वारा भी नशा मुक्ति पर प्रकाश डाला गया, योगेश यादव ने अपने उद्बोधन में जीवन में नैतिक शिक्षा के महत्व पर जोर दिया विद्यालय प्रबंधन एवं विद्यार्थियों द्वारा कार्यक्रम की सराहना की गई।

# रात में ढाबों के बाहर खड़े वाहनों से डीजल चुराने वाली गैंग की एक महिला गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़े वाहनों से डीजल चुराने की गैंग की शामिल एक महिला सदस्य को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि गांव रुणिजा डबलाना बूंदी निवासी हरिनारायण पुत्र लादू गुर्जर ने मामला दर्ज करवाया था कि उसने 12 मई को बाईपास पर स्थित बालाजी रेस्टोरेंट के बाहर गाड़ी खड़ी की थी। वहां पर दो अन्य गाडियां भी खड़ी थी। रात को तीनों गाडियों के चालक अपनी-अपनी गाड़ी की केबिन में सो गए। अगले दिन सुबह 6 बजे उठे तो एक गाड़ी से करीब 200 लीटर व दूसरी गाड़ी से करीब 300 लीटर डीजल गायब मिला। इस पर पीड़ित ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध डीजल चोरी करने का मामला दर्ज करवाया। उसके बाद पुलिस ने विशेष टीम का गठन किया। मुखबिर खास एवं तकनीकी साधनों के माध्यम से चोरों की तलाश शुरू की गई। उन्होंने बताया कि डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा के सुपरविजन में गठित टीम ने अलग-अलग जगह पर दबिश देकर रविवार को गैंग में शामिल आरोपी महिला कर्मा उर्फ सुमन पत्नी सुभाष मोग्या निवासी हिंगोटिया हाल निवासी पांच कुआं कच्ची बस्ती निवाई को गिरफ्तार किया है। डीजल चोरी करने वाली गैंग के सदस्य डीजल चोरी करने के बाद चोरी किए गए डीजल को आरोपी महिला के घर पर रखते थे। थानाधिकारी वर्मा ने बताया कि 15 मई को एक आरोपी कमलेश माली को भी गिरफ्तार किया था। पुलिस ने आरोपी से डीजल भी बरामद किया था। उन्होंने बताया कि चोरी की वारदात में शामिल अन्य आरोपियों को जल्दी ही गिरफ्तार किया जाएगा।



## बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान पर आधारित तीन दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण संपन्न



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** भगत सिंह कॉलोनी स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान पर आधारित तीन दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण का प्रथम चरण 21 अगस्त 2024 से प्रारंभ हुआ था इसमें अब तक लगभग 500 शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया है । प्रशिक्षण के दौरान एफ एल एन का अवलोकन राज्य द्वारा प्रयास एवं आकलन एवं असेसमेंट पोर्टल का प्रयोग ध्वनि जागरूकता, डिकोडिंग, गणित, अंग्रेजी शिक्षण, मापन पाठ योजना एवं विभिन्न कक्षा कक्षीय गतिविधियों आधारित प्रशिक्षण दिया गया । इस अवसर पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दीपिका सैमुअल ने बार-बार निरीक्षण किया एवं उत्तम निर्देश दिए शिविर प्रभारी रमेश विजयवर्गीय अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने पूरी तरह से प्रशिक्षण उतम रूप से चलाया । इस अवसर पर आर पी श्री ओमप्रकाश सहित संदर्भ शिक्षक रामकिशोर सैनी, सुरेश चंद्र विजय ,योग्यता इसरानी लीला प्रसाद मीणा, सुभाष कुमावत ,सत्यनारायण कुम्हार, शिव प्रसाद शर्मा, व्यवस्थापक सुरेश यादव आदि मौजूद रहे।

### अलगोजो की मधुर धुन पर कलाकारों द्वारा दी गई तेजाजी के भजनों की आकर्षक प्रस्तुतियां

## तेजाजी के कच्ची घोड़ी नृत्य को देखने के लिए आसपास के ग्रामीणों की उमड़ी भीड़

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** गांव गुंसी में रविवार को हर्षोल्लास एवं गाजे बाजे के साथ तेजाजी महाराज की बिंदोरी निकाल कर रात्री जागरण का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने तेजाजी मंदिर पहुंचकर ज्योत के दर्शन कर परिवार के लिए खुशहाली की कामना की मेला समिति के अध्यक्ष महेश सैनी ने बताया कि बीची, सेदारिया, लुहारा सहित कई गाँव की अलगोजा पार्टीयो के द्वारा तेजाजी महाराज के भजनों की प्रस्तुति दी गई और कच्ची घोड़ी नृत्य का आयोजन किया गया । इस अवसर पर तेजाजी महाराज की आकर्षक झांकी सजाई गई तेजाजी के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा इस अवसर पर भवानी शंकर सैनी, घोडला लक्ष्मी नारायण सैनी, पूर्व सरपंच शंकर लाल सैनी, राम फूल सैनी, पूर्व मेंबर बाबूलाल सैनी, देवी सिंह राजावत, मुकेश सैनी, बालचंद सैनी, गोविंद प्रजापत सहित कई ग्रामीण मौजूद थे ।





## पूर्व सीएम वसुंधरा राजे पहुंचीं बहरोड़ : पूर्व मंत्री डॉ. रोहिताश्व शर्मा के बेटे विकेश शर्मा के निधन पर जताया शोक

बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़ ( सुभाष यादव )।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सोमवार को सुबह सवा ग्यारह बजे बहरोड़ पहुंचीं। उन्होंने पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. रोहिताश्व शर्मा के घर जाकर उनके बेटे विकेश शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त किया। वसुंधरा राजे ने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया।वसुंधरा राजे दिल्ली से जयपुर की ओर जा रही थीं और बहरोड़ में रुककर पूर्व मंत्री डॉ. रोहिताश्व शर्मा से मुलाकात की। उन्होंने विकेश शर्मा के असामयिक निधन पर गहरा दुख जताया और परिवार के साथ अपनी संवेदनाएं साझा कीं।श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्होंने पुष्प अर्पित किए। पूर्व सीएम राजे ने विकेश की पत्नी और बच्चों से भी बातचीत की और महिलाओं के साथ बीस मिनट बिताए। उन्होंने परिवार से बच्चों की पढ़ाई के बारे में जानकारी ली और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।इसके बाद, वे सड़क मार्ग से जयपुर के लिए रवाना हो गईं। इससे पहले नेशनल हाईवे पर गांव कांकर दोपा के पास विधायक डॉ. जसवंत यादव के नेतृत्व में होटल प्रिंस पर वसुंधरा राजे का स्वागत किया गया।

यहां पूर्व सीएम ने नाश्ता किया और नेताओं से मुलाकात की। स्वागत समारोह में वन मंत्री संजय शर्मा, भाजपा के चार मंडलों के मंडल अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष उम्मेद सिंह भाया सहित अन्य भाजपाई भी मौजूद रहे।स्वागत समारोह में वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा, विधायक डॉ. जसवंत यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मवीर शर्मा, पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा, जयराम जाटव, सुखवंत सिंह, सुरेश यादव, सुरेश मेहता, पूर्व विधायक मामन सिंह यादव, जिला अध्यक्ष संजय नरूका, अशोक गुप्ता, पूर्व नपा अध्यक्ष जलेसिंह यादव, नगर परिषद सभापति सीताराम यादव, एडवोकेट दाताराम यादव, देवेंद्र दत्त, हुकम चंद शर्मा और डॉ. आरके सिंह सहित अन्य भाजपाई भी उपस्थित थे।

# श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव को लेकर श्री अग्रवाल सभा बाड़ी की आम बैठक हुई आयोजित

बढ़ता राजस्थान




**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** बाडी शहर की श्री अग्रवाल पंचायती धर्मशाला में अग्रवाल सभा के अध्यक्ष एडवोकेट राधेश्याम गर्ग की अध्यक्षता में मीटिंग आयोजित हुई। जिसमें अग्रवाल समाज के गणमान्य बंधु मौजूद रहे। मीटिंग की शुरुआत भगवान श्री अग्रसेन महाराज के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। बैठक में श्री अग्रसेन शिक्षा समिति, सहायता समिति, अग्रवाल महिला मंडल, अग्रवाल नवयुवक मंडल के अध्यक्षों को मंच पर आसीन कराया गया। इसके पश्चात मीटिंग की कार्यवाही शुरू की गई। जिसमें पांचों दिन आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूप रेखा पर महामंत्री हरिशंकर सर्राफ ने प्रकाश डाला? जिसमें चारों अग्रवाल सभा इकाइयों द्वारा एक एक दिन के सामाजिक समरसता के कार्यक्रमों के आयोजन की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी करवाए जाने की घोषणा की। शहर की स्वयंसेवी संस्था अग्रवाल फाउंडेशन हेल्प सोसाइटी द्वारा रक्तदान शिविर प्रतिवर्ष की भांति आयोजित कराया जाएगा। जयंती महोत्सव 29 सितंबर से शुरू होकर 3 अक्टूबर को देर रात समाप्त होगा। जयंती महोत्सव की शुरुआत महिला मंडल के द्वारा कलश यात्रा के साथ की जाएगी। पांच दिवसीय कार्यक्रम स्थल शहर की श्री अग्रवाल पंचायती धर्मशाला बाड़ी ही रहेगी। पांच दिवसीय कार्यक्रमों में एक दिन सहायता समिति के द्वारा कार्यक्रम किया जाएगा। जिसकी व्यवस्था रवि मोदी एवं श्रीनिवास मित्तल को दी गई। अग्रसेन जयंती का संयोजक श्री अग्रवाल नवयुवक मंडल को बनाया गया। इसके अतिरिक्त जयंती से संबंधित अन्य व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी भी लोगों को सौंपी गई। मीटिंग के दौरान पूर्व अध्यक्ष अग्रवाल समाज सुनील गर्ग, विष्णु सिंघल, डॉक्टर सरोज मंगल सहित अन्य वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे। सदन में अग्रसेन जयंती महोत्सव के लिए दान दी गई राशि के दानदाताओं का सबने करतल ध्वनि से आभार व्यक्त किया। अग्रवाल सभा अध्यक्ष राधेश्याम गर्ग ने अग्रवाल समाज के सभी परिवारों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में लोग अग्रसेन जयंती समारोह में शामिल हो।

मीटिंग के दौरान उपाध्यक्ष रामकुमार गर्ग, प्रमोद गर्ग, प्रदीप बंसल, रामनिवास मंगल, दीनदयाल मित्तल, धीरज गर्ग, पंकज गर्ग, हरिओम सिंहल, डॉक्टर गोपाल गोयल, रामसेवक बंसल, गोपालदास गर्ग, सचिन बंसल, सरोज मंगल, निरमा अग्रवाल, बंटू गर्ग, रोहित मंगल, सुभाष बंसल, बबलू गोयल, श्रीनिवास मित्तल, बालकिशन बंसल, दीपक गोयल, अरुण मंगल, अमित मंगल, अंशुल गर्ग, नरेंद्र मंगल, राहुल मित्तल, रामसेवक मंगल,अशोक गूदरिया, संजय गोयल, योगेश बंसल, अशोक सर्राफ, मोहन मित्तल सहित सैकड़ों अग्रबंधु मीटिंग में उपस्थित रहे।

## मीणों का नयागांव में देवनारायण मंदिर का दानपात्र खोला, निकली सवा करोड़ रुपयों से अधिक दानराशि

बढ़ता राजस्थान



**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** केकड़ी जिले के ग्राम मीणों का नयागांव स्थित जिले के सुप्रसिद्ध देवस्थान भगवान देवनारायण मंदिर का सोमवार को दानपात्र खोला गया। दानपात्र में एक करोड़ 31 लाख 68 हजार 972 रुपए की राशि निकली। मंदिर के सचिव रामकुमार मीणा व सरपंच रामप्रसाद मीणा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सुबह समस्त ग्राम वासियों द्वारा देवनारायण भगवान का दानपात्र खोला गया, जिसकी दोपहर सवा बारह बजे तक नोटों की गिनती की गई। इसमें एक करोड़ 31 लाख 68 हजार 976 रुपए निकले। पिछले साल एक करोड़ 12 लाख 67 हजार रुपये निकले थे। इस वर्ष दान की राशि लगभग 19 लाख रुपए ज्यादा प्राप्त हुई।

## नासिरदा उप तहसील क्षेत्र में टूटी फूटी सड़कों के दिन फिरेंगे, बारह सड़कों का होगा निर्माण

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** केकड़ी जिले से सटी देवली उपखण्ड की नासिरदा उप तहसील इलाके में लंबे समय से जर्जर सड़को का संत्रास झेल रहे हजारों लोगों के लिए राहत की खबर है। क्षेत्र से जुड़े टूटे फूटे रास्तों के दिन अब फिरने वाले हैं। सार्वजनिक निर्माण विभाग की परिवर्तित बजट घोषणा के क्रियान्वयन में कुल डेढ़ सौ करोड़ रुपयों की लागत के 134 कार्यों की सैद्धांतिक सहमति जारी कर दी गई है। इनमें नासिरदा क्षेत्र की 12 सड़कें भी शामिल है। इन बारह सड़कों में हिसामपुर से राणकया बालाजी रोड, मानपुर से गोपालपुरा-एलेकजेंद्रपुरा तक, ग्राम रामथला में बालाजी के मंदिर धुंधरी सीमा तक, थांवला से गोपालपुर तक, बीजवाड़ से सलारी सीमा तक, बीजवाड़ ग्राम पंचायत के अरनिया ग्राम से देवली-केकड़ी रोड़ तक, हिसामपुर से सलारी तक, रतनपुरा से नासिरदा तक, मानपुरा-गोपालपुरा से नासिरदा तक, गणेश चौराया मालेडा से डाबर कला तक, हिसामपुर से तितरिया-नासिरदा तक तथा बीजवाड़ से आमली तक की सड़कें शामिल है। सार्वजनिक निर्माण विभाग के संयुक्त सचिव (पथ) सुनील गुप्ता द्वारा इस आशय के जारी एक विभागीय पत्र के अनुसार अब इन कार्यों की निविदाएं आमंत्रित की जा रही है। गौरतलब है कि प्रदेश में जिन छह विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनाव होने जा रहे हैं, उनमें देवली-उणियारा विधानसभा क्षेत्र भी शामिल है। यहां चुनावी सरगर्मियों के बीच क्षेत्र में सड़कों की दुर्दशा भी एक गंभीर मुद्दा बना हुआ है।

## सातवें राष्ट्रीय पोषण माह की शुरुआत, अनीमिया उन्मोलन पर सत्र आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( नि.स. )।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देशन में सातवें राष्ट्रीय पोषण माह की शुरुआत मनियां में अनीमिया विषय पर सत्र आयोजित कर की गई। इस अवसर पर उपनिदेशक भूपेश गर्ग ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष में भी सितम्बर माह को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है जिसमें जिला प्रशासन के समन्वय से विभिन्न विभागों का सहयोग लेते हुए जिला,ब्लॉक और आंगनबाड़ी केंद्र स्तर तक गतिविधि आयोजित की जाएंगी। इस माह में एनीमिया के सम्बन्ध में जागरूकता सत्र, पूरक आहार की विविधता, सामुदायिक गतिविधि कार्यक्रम, पोषण भी पढ़ाई भी, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, स्तनपान पर चर्चा, खानपान की विविधता, सुशासन में तकनीकी का प्रयोग, वृद्धि निगरानी की जानकारी के साथ साथ पोषण के सम्बंध में विभिन्न प्रतियोगिताओं, रैली का आयोजन कर जन आंदोलन के रूप में मनाया जाएगा। मनियां में कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए गर्ग ने कहा कि रक्ताल्पता एक अति गम्भीर समस्या है इस सम्बंध में आंगनबाड़ी केंद्रों पर चिकित्सा विभाग के सहयोग से महिलाओं व किशोरी बालिकाओं की नियमित स्क्रीनिग कराई जाए तथा हर मंगलवार शक्ति दिवस का प्रभावी आयोजन सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा नीति आयोग के सम्पूर्णता अभियान पर चर्चा करते हुए कहा कि उक्त कार्यक्रम अंतर्गत समस्त गर्भवती महिलाओं का प्राथमिकता से पंजीकरण कर पोषाहार की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर महिला पर्यवेक्षक निर्मला सिंह ने एनीमिया के कारणों, दुष्प्रभावों, रोकथाम के उपायों पर प्रकाश डाला।

# चार सत्रों से शिक्षकों की अटकी पदोन्नतियां एवं 37 हजार अधिशेष शिक्षकों का जल्द समायोजन किया जाए

## पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने शिक्षामंत्री से की मुलाकात , सौंपा 28 सूत्रीय मांगपत्र

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष शेर सिंह चौहान के नेतृत्व में संघ के प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर से उदयपुर में मुलाकात कर प्रदेश के शिक्षक संवर्ग की चार सत्रों से अटकी डीपीसी एवं 37 हजार अधिशेष शिक्षकों का जल्द समायोजन कराने सहितप्रमुख समस्याओं पर वार्ता कर 28 सूत्री मांगपत्र सौंपा। शिक्षा मंत्री ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि जल्द मांग पत्र में शामिल समस्याओं का परीक्षण कर एक माह में स्कूलों में स्टाफिंग पैटर्न कर अधिशेष चल रहे शिक्षकों का समायोजन कर दिया जाएगा तथा न्यायालय प्रकरणों की वजह से रुकी हुई पदोन्नतियां शुरू हों इसके लिए विभाग की ओर से बेस्ट वकील कर रूकावटों को दूर किया जाएगा। संघ के प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा ने बताया कि शिक्षा मंत्री को प्रेषित ज्ञापन में प्रदेश के स्कूलों में 37 हजार अधिशेष शिक्षकों का समायोजन कराने ,शिक्षा विभाग में पिछले चार सत्रों से डीपीसी नहीं होने से शिक्षक संवर्ग को समय पर पदोन्नति का लाभ नहीं मिल पा रहा है, बिना पदोन्नति के हजारों शिक्षक रिटायर्ड हो रहे हैं। लेकिन विभाग न्यायालय प्रकरणों की प्रभावी पैरवी नहीं कर रहा है। जिसके चलते स्कूलों में वरिष्ठ अध्यापक, व्याख्याता, प्रधानाचार्य नहीं होने से छात्रों की शिक्षण व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

**सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को जल्द दी जाए सिली हुई यूनिफॉर्म एवं स्कूल बैग :** संगठन के प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा ने बताया कि संघ की ओर से शिक्षा मंत्री को दिए ज्ञापन में कक्षा एक से 8 तक के विद्यार्थियों को कपड़े की बजाय सिली हुई यूनिफॉर्म ,स्कूल बैग शैक्षिक सत्र की शुरुआत में ही दिलाए जाने, छोटे बच्चों के बाल मनोविज्ञान व गुणात्मक शिक्षा के लिए एकीकृत उच्च माध्यमिक विद्यालयों से कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों के लिए स्वतंत्र प्राथमिक विद्यालय संचालित कराये जाने तथा शिक्षकों को मिड डे मील ,दूध वितरण, बीएलओ ,लिपिकीय कार्यों में लगाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाकर गैर शैक्षिक कार्यों से पूरी तरीके से मुक्त कराने तथा स्कूलों में साफ सफाई नियमित देखभाल के लिए सहायक कर्मचारियों की भर्ती करने तथा कमी को दूर करने के लिए मनरेगा के माध्यम से वैकल्पिक व्यवस्था कराने जैसी अन्य मांगे रखी है।

## गौड़ ब्राह्मण महासभा की केकड़ी जिला इकाई में नवीन कार्यकारिणी का गठन, रामेश्वर प्रसाद गौड़ बने अध्यक्ष



बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** गौड ब्राह्मण महासभा की केकड़ी जिला एवं खंड इकाई की बैठक आयोजित की गई, जिसमें नवीन कार्यकारिणियों का गठन किया गया। मंगलम गार्डन में सम्पन्न हुई इस बैठक की अध्यक्षता महेंद्र प्रधान ने की।

बैठक में चुनाव प्रभारी प्रदेश युवा उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी केदार शर्मा ने गौड ब्राह्मण महासभा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार हरितवाल एवं युवा प्रदेश अध्यक्ष पंकज पचलगिया के निर्देशानुसार रामेश्वर प्रसाद गौड़ समेलिया को केकड़ी जिला इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसी प्रकार केकड़ी तहसील इकाई का भी सर्वसम्मति से गठन किया गया, जिसमें कैलाश गौड को अध्यक्ष, संतोष व्यास को सचिव, विनोद गौड को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया। इनके अलावा केकड़ी तहसील युवा कार्यकारिणी का भी गठन किया गया, जिसमें खुशवंत व्यास को अध्यक्ष, राजीव शर्मा को सचिव, कार्तिक गौड को कोषाध्यक्ष बनाया गया। गौड समाज के महावीर प्रसाद शर्मा, उमाशंकर गौड, प्रदीप गौड, अरविंद व्यास, रमेश शर्मा, सुनील शर्मा, अंशुल गौड आदि समाज बंधु मौजूद थे, जिन्होनें सभी नए पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। सभाध्यक्ष महेन्द्र प्रधान ने बधाई देते हुए आभार प्रदर्शन किया।

## अखिल भारतीय मारवाड़ी महासम्मेलन की ओर से नंद उत्सव कार्यक्रम मनाया गया

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महासम्मेलन की अलवर शाखा की ओर से सोमवार को नंद उत्सव कार्यक्रम श्री राधा कृष्ण मंदिर में किया जिसमें महिला भक्तों ने भगवान के भजनों भगवान का कार्यक्रम प्रारंभ किया।कार्यक्रम में भगवान के भजनों में भाव विभव होकर महिलाओं ने नृत्य किया।कार्यक्रम के पश्चात अलवर शाखा अध्यक्ष वैशाली जसोरिया ने आरती कर प्रसाद वितरण किया। अध्यक्ष ने बताया कि राधा कृष्ण भगवान के स्वरूप की तरह सभी में भाईचारा प्रेम की भावना बनी रहे सभी धर्म की ओर अग्रसर रहे इस तरह के धार्मिक आयोजन करना संगठन का उद्देश्य है कार्यक्रम में अंजू, विनिता, आशा,विजय,संतोष, सरिता संगठन की सदस्य शामिल रही।

## राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** सोमवार को लुपिन ह्यूमन वेलफेयर एण्ड रिसर्च फाउंडेशन के द्वारा पंचायत समिति, राजगढ़ के सभागार में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओ एवं शिशुओ को पोषण हेतु स्वच्छता के बारे में ग्रामीण महिलाओ को जागरूक करना है।

कार्यक्रम में लुपिन फाउंडेशन के स्टेट हैड वेद प्रकाश शर्मा ने पोषण सप्ताह कार्यक्रम में बताया कि शिशु एवं महिलाओं को बच्चे के जन्म से 6 माह तक मां का दूध पिलाना चाहिए एवं 6 माह बाद दूध, दलिया, अन्न आदि पौष्टिक आहार खिलाना चाहिए तथा स्वच्छता रखनी चाहिए इसके साथ बच्चो के टीकाकरण,पोषण व बताया की लुपिन फाउंडेशन द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्र से जुड़ी हुई 50 महिला ओ का किचन गार्डन लगवाने हेतु चयन किया गया जिसमे 10 प्रकार की सब्जियां लगवाई जायेंगी जिससे गर्भवती, धात्री महिलाओं को शुद्ध ताजा सब्जी मिल सके संस्था द्वारा अलवर जिले मे संचालित आजिविका व स्वास्थ्य कार्यक्रम के बारे विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमती संगीता यादव ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओ के बारे मे विस्तार से बताया महिलाओ व आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया की सभी आंगनवाड़ी केन्द्र पर मॉडल किचन गार्डन तैयार कर सभी महिलाओं को शुद्ध एवं ताजा सब्जी, पोष्टिक खाना आदि के लिए प्रेरित करे कार्यक्रम में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामगोपाल मीना ने बताया कि गांव में सभी महिलाओं के घर में अपने उपयोग हेतू किचन गार्डन तैयार कर रसायन मुक्त सब्जीया उपयोग मे ले सकते हैं । कार्यक्रम में संस्था के कार्यक्रम प्रभारी राजेश घीया, महिला सुपरवाइजर संतरा सैनी, संस्था के क्लस्टर मैनेजर सतीश रावत, गिर्राज शर्मा, नरेश शर्मा, गुड्डू राम ने अपना सहयोग प्रदान किया।

## युवाओ के आदर्श डॉ.के.के.शर्मा का जन्मदिन मनाया धूमधाम से

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** लोग अपने-अपने तरीके से अपने-अपने जन्म उत्सव को मानते हैं लेकिन अलवर में भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक और युवाओं के दिलों की धड़कन डॉक्टर के. के. शर्मा का जन्मदिन बड़ी धूमधाम और अनोखे ढंग से मनाया गया। जहां राजस्थान सरकार के वन मंत्री मोती डूंगरी पहुंचे जहां उन्होंने पधारोपण कर इस जन्मदिन को यादगार दिन के रूप में मनाया। डॉक्टर के. के. शर्मा के प्रशंसक सुबह से ही मोती डूंगरी स्थित मंदिर में जुट गए जहां उत्साह के साथ उन्हें माला अर्पण कर उनके दीर्घायु और हमेशा जवां बना रहने की दुआएं मांगी। इस अवसर पर डॉक्टर के.के. शर्मा ने कहा कि यह लोगों का असीम प्यार है,स्नेह है। मैं अपने जन्मदिन को उसे यादगार पल के रूप में महसूस कर रहा हूं। कार्यक्रम संयोजक विमल तिवारी ने बताया कि डॉक्टर केके शर्मा युवाओं के आदर्श हैं, हमेशा जवां बने रहने और आनंद और उत्साह के साथ जीवन जीने की कला इन्हीं से सीखी है। आज सब ने मिलकर इनका जन्मदिन धूमधाम से मनाया और एक यादगार क्षण को तथा उम्र के लिए अपने दिलों दिमाग में कैद कर लिया।

## यूडीआईडी ब्लॉकवार शिविर पंचायत समिति मुख्यालयों पर 30 सितम्बर तक होंगे आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( नि.स. )।** जिले में दिव्यांगजनों के पंजीकरण बढ़ाने एवं दिव्यांगजनों को डिजिटल प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड जारी करवाया जाकर विभागीय योजनाओं से लाभान्वित कराये जाने हेतु यूडीआईडी (दिव्यांग कल्याण) ब्लॉकवार शिविर पंचायत समिति मुख्यालयों पर 30 सितम्बर तक आयोजित किये जा रहे हैं। शिविर में दिव्यांगजनों के यूडीआईडी कार्ड जारी एवं पंजीयन किये जाने हेतु चिकित्सा प्रमाण-पत्र बनवाये जायेंगे साथ ही दिव्यांगजनों के रोडवेज पास, विकलांग छात्रवृत्ति, स्वरोजगार हेतु मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, दिव्यांगजन सुखद दाम्पत्य योजना, उपकरण सहायता आदि के आवेदन करवाकर विभाग की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जावेगा। शिविरों का आयोजन ब्लॉक राजाखेड़ा की पंचायत समिति परिसर में 4 सितम्बर बुधवार को, ब्लॉक सैंपउ की पंचायत समिति परिसर में 12 सितम्बर को, ब्लॉक बाडी की पंचायत समिति परिसर में 20 सितम्बर को, ब्लॉक सरमथुरा की पंचायत समिति परिसर में 24 सितम्बर मंगलवार को, ब्लॉक बसेडी की पंचायत समिति परिसर में 27 सितम्बर शुक्रवार को, ब्लॉक धौलपुर की पंचायत समिति परिसर में 30 सितम्बर सोमवार को प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक किया जायेगा।

## संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग ने किया ज्वाइन- डब्ल्यू आर आर सी टीम ने किया स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** पशुपालन विभाग अलवर के नए मुखिया डॉ संजय कुमार ने संयुक्त निदेशक का पदभार ग्रहण किया । वाइल्डलाइफ रिसर्च एंड रेस्क्यू सेंटर टीम द्वारा उनको माला और साफा पहनाकर स्वागत कर शुभकामनाएं दी । डब्ल्यू आर आर सी टीम के अध्यक्ष विवेक जसाईवाल , सचिव सूरज राजपूत , कॉर्डिनेटर शशांक झालानी , कपिल सैनी, अमित सैनी,दीपक यादव,डॉ विजय,डॉ प्रदीप,डॉ नेमी व पशु पालन स्टाफ साथ रहा ।

# सफाई व्यवस्था की रेंडम चैकिंग करें निगम आयुक्त-जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने नगर निगम उत्तर एवं दक्षिण के आयुक्तों को शहर में सफाई व्यवस्था सुचारू बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयुक्त स्वयं प्रात: फील्ड में जाकर रेंडम चैकिंग करें एवं जो सफाई कर्मी अनुपस्थित पाए जाएं उनके खिलाफ कार्यवाही की जाए। उन्होंने आवारा पशुओं की रोकथाम के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए।

डॉ. गोस्वामी सोमवार को विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक ले रहे थे। उन्होंने मुख्य मार्गों से अवैध होर्डिंग हटाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रभावी उपाय करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि जहां भी डेंगू के केस मिले वहां आस पास के घरों में स्क्रीनिंग की जाए। क्लस्टर में केस मिलने पर जिला प्रशासन को तुरन्त सूचित करते हुए रोकथाम के उपाय करने के निर्देश दिए। उन्होंने एंटी लार्वा एक्टिविटी एवं हर शनिवार को नो-बैग-डे के तहत स्कूलों में डेंगू रोकथाम के उपायों के बारे में जागरूकता पैदा करने, सर्वे एवं स्क्रीनिंग तथा छिड़काव जैसी गतिविधियां निरंतर चलाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने पीएम सूर्य घर योजना के तहत प्राप्त आवेदनों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए एवं सरकारी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी कार्यालयों पर सौलर पैनल लगाने से संबंधित कार्यवाही करें ताकि राज्य सरकार के निर्देश आने पर सोलर इन्स्टॉलेशन की कार्यवाही की जा सके। उन्होंने 15 सितम्बर से जिले में क्षतिग्रस्त सड़कों के मरम्मत कार्य शुरू करने के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग से छात्रवासों के नियमित निरीक्षण एवं भोजन की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली। पीएचईडी अधिकारियों को पेयजल की नियमित सैम्पलिंग एवं आवश्यकतानुसार क्लोरीनेशन के निर्देश दिए।

आरटीई के तहत प्रवेश के लिए आए आवेदनों को छोटी-छोटी कमियां बताकर रिजेक्ट करने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिला कलक्टर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को उन शिकायतों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में संभाग मुख्यालय पर स्पोर्ट कॉलेज की स्थापना, इटावा एवं रामगंजमंडी सीएचसी के उप जिला अस्पताल में क्रमोन्नयन, दीगोद एवं चेचट में महा विद्यालय निर्माण, कनवास में रोडवेज बस स्टेंड की स्थापना सहित अन्य बजट घोषणाओं की प्रगति के बारे में जानकारी ली गई। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन मुकेश चौधरी, अतिरिक्त जिला कलक्टर सीलिंग कृष्णा शुक्ला, केडीए सचिव कुशल कोठारी, सीईओ जिला परिषद अशोक त्यागी, नगर निगम (उत्तर) आयुक्त अनुराग भार्गव, नगर निगम (दक्षिण) आयुक्त सरिता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## सफाई कर्मचारी कचरे साफ कर ले जाने की बजाय मिट्टी पत्थर ले जा रहे

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।** नगर के वर्धमान चौक मे अजीब ही मामला देखने मे आया है जहाँ पर सफाई कर्मचारी कचरा ले जाने वाली गाडी मे कचरा, गन्दगी, प्लास्टिक का कचरा ना उठाकर मिट्टी पत्थर ले जा रहे है ओर गन्दगी वही पड़ी रहती है जिससे मच्छर मक्खी पैदा हो रहे है ओर इन प्लास्टिक के कचरे को गाये खाके बीमार हो रही है ।इसी गन्दगी को खाने के लिए कुछ दिन पूर्व गाय करंट की चपेट मे आ गई थी ।मोहल्ले वासियो का आरोप है की कचरा पात्र मे ओर आस पास मे दिन भर गन्दगी फैली रहती जिससे उनको बहुत बदबू आती रहती है कई बार सफाई कर्मचारी को बोला तो भी व्यवस्था मे कोई सुधार नहीं हुआ ।

## भारतीय किसान संघ तहसील कनेरा द्वारा कृषि मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** भारतीय किसान संघ तहसील कनेरा द्वारा कृषि मंत्री के नाम किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया गया जिसमें निम्न विषय रखे गए

1. किसानों को फसल की लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य तय किया जावे।
2. फसल खराबी की समय पर गिरदावरी करवाकर समय पर फसल बीमा क्लेम/आपदा अनुदान दिलवाया जावे।
3. मक्का मूंगफली सोयाबीन की फसलों का समर्थन मूल्य पर कनेरा में खरीद केंद्र चालू किया जाए।
4. कनेरा में पुन: कृषि उपज मंडी चालू की जावे।
5. अफीम में 8/29 धारा समाप्त की जावे डोडा चूरा को एन डी पी एस से बाहर किया जाए ।

ज्ञापन सौंपने में भारतीय किसान संघ तहसील अध्यक्ष प्रकाश धाकड़ लुणखंदा मंत्री नंद लाल बेनीपुरिया सह मंत्री चन्द्र शेखर कोचवा विपणन प्रमुख उदय लाल और किसान अमरचंद, महेंद्रपाल, अनिल, राधेश्याम बड़ावली प्रहलाद,राहुल,गीता लाल मनोहर खेड़ी कालूराम, पंकज लुनखंदा रामानुज कनेरा ओमप्रकाश श्रीपुरा मांगी लाल रावलिया निर्भयराम मदन गोपाल, बनवारी लाल बांगेड़ा घाटा दिलीप कोचवा उपस्थित रहे।

## कोटा स्टेशन पर वंदे भारत का ठहराव: सप्ताह में तीन दिन चलेगी

### ऊर्जा मंत्री और विधायक ने दिखाई हरी झंडी



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** वंदे भारत ट्रेन सोमवार को कोटा स्टेशन पर पहुंची तो उसका स्थानीय लोगों ने जोरदार स्वागत किया गया। उदयपुर से कोटा ट्रेन पहुंचने और कोटा से आगरा रवाना होने पर राजस्थान के ऊर्जा मंत्री हीरा लाल नागर व विधायक संदीप शर्मा ने उसको हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उदयपुर से कोटा और आगरा के बीच यह पहली वंदे भारत ट्रेन सप्ताह में 3 दिन चलेगी। उदयपुर से आज कोटा पहुंचने पर ट्रेन के चालक व गार्ड का भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। ऊर्जा मंत्री नागर ने बताया- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के प्रयासों से यह ट्रेन कोटा को मिली है, जो बूंदी में भी रुकेगी। इससे आगरा और उदयपुर जाने वाले यात्रियों को फायदा होगा। इससे पर्यटन के लिए एक सर्किट बना है, जिससे सबको फायदा होगा। विधायक संदीप शर्मा ने कहा- कोटा से आगरा के लिए जो ट्रेन मिली है इससे यात्रियों को तो लाभ होगा ही साथ ही पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। इससे पहले ऊर्जा मंत्री हीरा लाल नागर और विधायक संदीप शर्मा ने ट्रेन में बैठकर यात्रियों से बातचीत की। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश जैन सहित रेलवे के अधिकारी भी मौजूद रहे।

## झरने पर नहाने पहुंचे युवकों पर पैंथर ने किया हमला, दो की हालत गंभीर, एक लापता

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** शहर से लगे मध्यप्रदेश की सीमा पर स्थित कनकेश्वर महादेव मंदिर क्षेत्र के झरने पर नहाने पहुंचे लड़कों पर पैंथर ने हमला कर दिया।इस हमले में जख्मी दो युवकों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि एक युवक अब भी लापता बताया जा रहा है। मौके पर पहुंचे बोरिना निवासी विनीत यादव का कहना था कि वो मंदिर के नजदीक पहुंचे थे, तभी एक युवक ऊपर से भागता उनके करीब पहुंचा।उसने बताया कि उसके साथियों पर पैंथर ने हमला कर दिया है। इस दौरान एक अन्य युवक भी लहूलुहान हालत में नीचे आया। उसके बाद हम पहले आए युवक के साथ मौके पर पहुंचे, जहां एक अन्य युवक जख्मी हालत नजर आया। साथ ही जख्मी युवक ने बताया कि उनका एक साथी लापता है। इस एरिया में पैंथर घूम रहा है।इसलिए हम वापस नीचे आ गए। इनमें से एक घायल को चेचट अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि दूसरे जख्मी को एकलिंगपुरा घाटा अस्पताल भेजा गया। फिलहाल इन युवकों के नाम और पता की पुख्ता जानकारी नहीं मिल पाई है। वहीं, घायल युवक के शरीर पर पैंथर के पंजों के निशान देखने को मिले हैं। चेचट थाना अधिकारी मन्शीराम विश्नोई के अनुसार घटना मध्यप्रदेश के जंगल में हुई है। ऐसे में इस मामले को वहां की पुलिस और फॉरेस्ट विभाग के जवान ही देख रहे हैं।

## भील समाज झालावाड़ द्वारा एस.टी./एस.सी. आरक्षण वर्गीकरण के समर्थन में आन्दोलन किया

बढ़ता राजस्थान



**झालावाड़ (नि.स.)।** भील समाज झालावाड़ के तत्वावधान में माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा एक अगस्त 2024 को दिये गये फैसले एस.टी./एस.सी. आरक्षण वर्गीकरण के समर्थन में तथा उसे लागू करने के लिए भारत सरकार के महामहिम राष्ट्रपति महोदय, प्रधानमंत्री, राष्ट्रीय जनजाति आयोग के अध्यक्ष, राजस्थान के मुख्यमंत्री व महामहिम राज्यपाल के नाम हजारो की संख्या में उपस्थित भील समाज ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया।

इस अवसर पर राजस्थान समग्र भील वर्ग आरक्षण मंच झालावाड़ के जिला संयोजक अरविन्द भील ने कहा कि आज तक भील, गरासिया, सहरिया जैसी कई जनजातियां आरक्षण के लाभ से वंचित रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने हमारी इस पीड़ा को समझा और 01 अगस्त 2024 को फैसला दिया कि जो भी एस.टी./एस.सी. जातियां आरक्षण के लाभ से वंचित है ऐसी एस.टी./एस.सी. जातियों को आरक्षण उप वर्गीकरण के माध्यम से राज्य सरकार को यह अधिकार दिया है कि वह कोटे में कोटा बनाकर वंचित जातियों को आरक्षण का लाभ पहुंचाये।

इस हेतु पूरे जिले भर से हजारो की संख्या में समाज बन्धु राधा रमण ग्राउण्ड में उपस्थित होकर रैली के रूप में शहर मुख्य मार्गो से होते हुए मिनि सचिवालय पहुंचे है ।इस अवसर पर उनके हाथो में राष्ट्रीय ध्वज, केसरिया ध्वज को लेकर महापुरूषों के उद्घोष के साथ-साथ भील गीतों के साथ झूमते गाते हुए माननीय सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद देते हुए जिला कलेक्टर महोदय को भारत सरकार के महामहिम राष्ट्रपति महोदय, प्रधानमंत्री, राष्ट्रीय जनजाति आयोग के अध्यक्ष, राजस्थान के मुख्यमंत्री व महामहिम राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर को गुलदस्ता भेंट किया और ज्ञापन दिया गया। इस अवसर राजस्थान समग्र भील वर्ग आरक्षण मंच झालावाड़ के जिला संयोजक अरविन्द भील, जिलाध्यक्ष जमनालाल भील, कल्याण सिंह भील, प्रधान सीता भील, सत्यनारायण भील, गोरधन भगत, नंदलाल भील, सोनू भील, रामकिशन भील, सोनू भील, परमानंद भील, रामकिशन भील, लोकेश भील, जिला परिषद सदस्य लाली बाई, बजरंगलाल भील, सलाहकार गुजरात सिंह, एडवोकेट दुर्गालाल भील, ख्यालीराम भील, अनिल भील, मुकेश भील, शोभाराम भील, सरपंच जुझार सिंह भील आदि हजारों की संख्या में समाज बंधू उपस्थित रहें।

## आमजन के स्वास्थ्य के लिए प्राणघातक डी.जे. की ध्वनि को नियन्त्रित किए जाने को लेकर जिला कलक्टर को लिखा पत्र

बढ़ता राजस्थान

**बारां (नि.स.)।** लगातार देखा जा रहा है कि शहर में उत्सव हो या अन्य कोई धार्मिक आयोजन वहां पर जिस प्रकार से डी.जे. की आवाज के कारण धरती और भवनों तक में कम्पन होता है, वहीं आस-पास से गुजरने वाले तथा खड़े रहने वाले आमजन को भी इस डी.जे. की भारी आवाज के कारण सीधा हृदय पर इसका कुप्रभाव पड़ता है। आज बारां व्यापार महासंघ के पूर्व अध्यक्ष ललितमोहन खण्डेलवाल द्वारा जिला कलक्टर को पत्र लिखते हुए डी.जे. की तेज ध्वनि को नियन्त्रित किए जाने के सम्बन्ध में पत्र लिखा है। बारां व्यापार महासंघ के पूर्व अध्यक्ष ललितमोहन खण्डेलवाल ने बताया कि उन्होनें बारां जिला कलक्टर की कार्यशैली को काफी बारीकी से देखा है, तथा जिला कलक्टर जमीनी प्रषासनिक अधिकारी होने के रूप में आमजन से सीधा जुड़ाव रखते हैं। खण्डेलवाल ने बताया कि आगे ऐतिहासिक हाडौती की ख्यातनाम डोल शोभायात्रा, अनन्त चतुदर्षी, नवरात्रा उत्सव, दषहरा तथा दीपावली सहित उसके तत्काल पश्चात शादी-विवाह के कार्यक्रम प्रारम्भ हो जाएंगे। उन्होनें भारी आवाजों में बजने वाले डी.जे. की ध्वनि को नियन्त्रित करने के लिए एक प्रभावी आदेष जारी करने की मांग की गई है ताकि डी.जे. से होने वाले दुष्प्रभाव से आमजन के स्वास्थ्य को बचाया जा सके। खण्डेलवाल ने बताया कि गत शनिवार को भी प्रताप चौक पर डी.जे. की तेज ध्वनि के कारण एक दुकानदार की दुकान पर लगे कांच थरथरा कर टूट गए, ऐसे में आदमी के स्वास्थ्य पर इस तेज ध्वनि से बजने वाले डी.जे. का शोर कितना दुष्प्रभाव डालता होगा।

## मरकजी तंजीम अहले सुन्नत वल जमाअत की मीटिंग संपन्न आबिद देशवाली को चुना सदर

बढ़ता राजस्थान



**बारां (नि.स.)।** इतवार को बाबा फूल पीर साहब के जमात खाने में पहले सुन्नत वल जमात की मीटिंग बारॉं शहर काजी अब्दुल कय्यूम साहब की अध्यक्षता में संपन्न हुई । जिसमें पूर्व सदर रईसुद्दीन शेख ने कार्यकाल समाप्त होने पर अपना इस्तीफा जिम्मेदारान को पेश कर कमेटी भंग की। इसके साथ ही नए सदर के रूप में अक्सरियत राय से मोहम्मद आबिद देशवाली,को मुन्तख़ब किया सेकेट्री, ज़ोई अलीफ़ अंसारी, और खजांची के पद की जिम्मेदारी इरफान अशरफी को दी गई।

नये सदर आबिद देशवाली और उनकी कमेटी ने समाज की भलाई को सर्वोपरि और ईमानदारी व पूरी वफादारी के साथ काम करने के अहद के साथ अपना पद संभाला मीटिंग में बारॉं शहर के मोअज़्ज़िज़ हजरात मौजूद रहे जिन्होंने गुलपोशी कर नए सदर मोहम्मद आबिद देशवाली और उनकी कमेटी का स्वागत किया। मीटिंग में अब्दुल सलाम, कादरी रईस उद्दीन शेख, जाकिर मंसूरी, शाहिद कुंडी, इरफान अंसारी, फिरोज खान एडवोकेट, शाहिद इकबाल भाटी, ,शाहिद हुसैन, कदीर भाई, आमीन देशवाली मुन्ना बाबा सलाम भाई इरशाद अंसारी हनीफ काजी समीर मयूर हाफिज मोहम्मद अयूब हाफिज मोइनुद्दीन हाफिज इंसाफ अशरफ अली अनवर हाशमी सलीम भाई अफाक सहारा वसीम बंटी अशफाक मयूर पिंकू भाई आदि उपस्थित रहे ।

## गुरु वशिष्ठ प्राकट्य महोत्सव समारोह 8 को, पूर्व संध्या निकलेगी शोभा यात्रा

### अखिल राजस्थान सनाढ्य ब्राह्मण महासभा एवं सनाढ्य समाज करेगा आयोजन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का समाज करेगा सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** अखिल राजस्थान सनाढ्य ब्राह्मण महासभा एवं सनाढ्य समाज कोटा महानगर द्वारा गुरु वशिष्ठ प्राकट्य महोत्सव का दो दिवसीय आयोजन कोटा में आयोजित किया जाएगा। अखिल राजस्थान सनाढ्य ब्राह्मण महासभा के प्रदेश महामंत्री किशन पाठक ने बताया कि गुरु वशिष्ठ ब्रह्माजी के मानस पुत्र हैं एवं सप्तर्षि मंडल के प्रमुख संतों में उनका प्रमुख स्थान है इसलिए ऋषि पंचमी के दिन उनका प्राकट्य दिवस आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम के आयोजन के संदर्भ में अखिल राजस्थान सनाढ्य ब्राह्मण महासभा की बैठक का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोविंद शर्मा के अध्यक्षता में किया गया जिसमें कार्यक्रम की समस्त योजना तैयार की गई है। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने बताया की गुरु वशिष्ठ की जयंती के आयोजन के माध्यम से राजस्थान में ब्राह्मण समाज की एकता का संदेश समाज में जाता है, आयोजन में सनाढ्य समाज कोटा महानगर के सभी संगठनों एवं ब्राह्मण समाज के लोगों की भागीदारी रहेगी। शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला होंगे। लोकसभा अध्यक्ष बनने पर सनाढ्य समाज एवं ब्राह्मण समाज की ओर से लोकसभा अध्यक्ष का स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा, विशिष्ट अतिथि कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा होंगे। बैठक में प्रमुख रूप से अखिल राजस्थान सनाढ्य ब्राह्मण महासभा के प्रदेश कोषाध्यक्ष दीपक शर्मा, कोटा जिला अध्यक्ष हरि सूदन शर्मा, महामंत्री विजय भारद्वाज, संभागीय अध्यक्ष दिनेश शर्मा, महिला जिला अध्यक्ष रेनू मिश्रा, महामंत्री मालती शर्मा ,शहर युवा अध्यक्ष पंकज शांडिल्य, हेमंत सनाढ्य रुपेश शर्मा ,पंडित प्रदीप जोशी, घनश्याम शर्मा, स्टेशन क्षेत्र ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी अजय शर्मा, जगदीश शर्मा, लक्ष्मी शर्मा राजरानी शर्मा सहित प्रमुख पदाधिकारी एवं समाज बंधु उपस्थित रहे।

## सांवलिया जी में जलझूलनी एकादशी मेले को लेकर इ्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

### अतिरिक्त जिला कलेक्टर रावतभाटा विनोद मल्होत्रा संपूर्ण कार्यक्रम हेतु समग्र प्रभारी नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा( नि.स. )।** जिला मजिस्ट्रेट आलोक रंजन ने आदेश जारी कर श्री सांवलियाजी मन्दिर मण्डल, मण्डफिया के तत्वाधान में आयोजित विशाल त्रिदिवसीय जलझूलनी एकादशी मेला पर श्रीसांवलियाजी मन्दिर मण्डफिया एवं कस्बा मण्डफिया में होने वाले विभिन्न कार्यक्रम, आयोजन, गतिविधियों के दौरान आवश्यक समस्त प्रबंधन एवं व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने, कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु दिनांक 12 सितंबर से 15 सितंबर 2024 तक के लिए अधिकारियों को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। आदेश के अनुसार अतिरिक्त जिला कलक्टर रावतभाटा विनोद मल्होत्रा को संपूर्ण कार्यक्रम हेतु समग्र प्रभारी नियुक्त किया गया है। आदेश के अनुसार श्री सांवलिया जी मंदिर मंडफिया एवं संपूर्ण कस्बा मंडफिया हेतु विजयेश कुमार पण्ड्या, उपखण्ड मजिस्ट्रेट, भदेसर को ड्यूटी मजिस्ट्रेट तथा हेमेन्द्र कुमार मीणा, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट भदेसर को सहायक ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। इस दौरान आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों, आयोजनों, गतिविधियों के लिए आवश्यक स्वीकृति जारी किए जाने हेतु विजयेश कुमार पंड्या, उपखंड मजिस्ट्रेट भदेसर को सक्षम प्राधिकारी नियुक्त किया गया है। आदेश के अनुसार भादसोड़ा चौराहा से मीरा सर्किल तक संपूर्ण मार्ग एवं आसपास के संपूर्ण क्षेत्र हेतु कल्पित शिवरान उपखंड मजिस्ट्रेट बड़ी सादड़ी को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। आदेश के अनुसार अतिरिक्त जिला कलक्टर रावतभाटा विनोद मल्होत्रा को संपूर्ण कार्यक्रम हेतु समग्र प्रभारी नियुक्त किया गया है। वे इस दौरान सतत निगरानी रखते हुए नियुक्त अधिकारियों से समन्वय एवं सामंजस्य स्थापित करते हुए कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखेंगे।

## लायंस क्लब कोटा सेंट्रल के रक्तदान शिविर में 43 यूनिट रक्त एकत्रित

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** लायंस क्लब कोटा सेंट्रल की ओर से गणेश मीना की पुण्यतिथि पर अग्रवाल ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर लगाया।
क्लब अध्यक्ष मधु ललित बाहेती एव सेक्रेटरी राधा खुवाल ने बताया शिविर संयोजिका चंदा बरवाडिया के मोटीवेशन पर रक्तवीर युवा दिलराज केवट, सुरेश मीणा, भुवनेश मीणा, पुरुषोत्तम कौशल, कृष्ण तीरथ, अंकित सुमन, दीपक, भरतराज, नीरज, बंटी, मोनू , गोलू ने रक्तदान किया और अपनी भावनाएं व्यक्त करके दूसरो को भी रक्तदान के लिए प्रेरित किया।

## क्षेत्रीय विधायक व भाजपा नगर अध्यक्ष की मौजूदगी में सोमवती अमावस्या पर अंता प्रेस क्लब ने किया पौधा रोपण



बढ़ता राजस्थान

**अंता (नि.स.) ।** अंता में प्रेस क्लब द्वारा क्षेत्रीय विधायक कंवर लाल मीणा के नेतृत्व में एक पेड़ देश के नाम का संदेश देते हुए बंजारी धाम पर वृक्षारोपण किया गया साथ ही आमजन को इस अभियान में जुड़कर ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करने का संदेश दिया गया । बता दे की पेड़ो के माध्यम से हमारा जीवन सुरक्षित रह सकता हे वरना इनके अभाव में हमारा सांस लेना भी दुश्वार हो सकता हे ऐसे में सब लोगो को इस अभियान का हिस्सा बनते हुए कदम से कदम मिलाकर ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाने चाहिए ताकि हमारा पर्यावरण स्वच्छ बना रहे । इससे पूर्व प्रेस क्लब के सदस्यों द्वारा कोटा बारां रोड पर स्थित वृद्धा आश्रम पहुंचकर बुजुर्गो को फल और बिस्किट वितरित किए गए । इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष रामेश्वर खंडेलवाल सहित प्रेस क्लब के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश गोचर ,देवेश शर्मा ,कमल सिंह चौहान ,आलोक बादल , हरिओम तिवारी ,घनश्याम दाधीच ,शफीक मंसूरी ,कृपा शंकर दाधीच ,मुकेश गोचर ,हनीफ शेख दीपक चौरसिया मोजूद थे ।

RNI NO. RAJHIN/2010/35060
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# राजस्थान में तेज बारिश ने 13 साल का रिकॉर्ड तोड़ा

## 238 बांध ओवरफ्लो; बस स्टैंड पर चली नाव, रेगिस्तान में नदी आई तो नाचने लगे थे लोग



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में मानसून ने अगस्त में नया रिकॉर्ड बना दिया है। अगस्त में 344 एमएम औसत बरसात हुई, जो साल 2011 से 2023 तक सबसे ज्यादा है। इतनी बारिश अब तक किसी भी महीने में नहीं हुई। इससे पहले साल 2016 में अगस्त में 277.7 एमएम बरसात दर्ज हुई थी, जो पिछले 13 साल में सर्वाधिक बारिश का रिकॉर्ड था। मौसम विभाग का मानना है कि राज्य में सितंबर के दूसरे सप्ताह तक मानसून एक्टिव रह सकता है। राजस्थान में मानसून के सीजन (एक जून से 30 सितंबर तक) में औसत बरसात 435.6 एमएम होती है। इस सीजन में 31 अगस्त तक 557 एमएम बरसात हो चुकी है। ये औसत बारिश से 27 फीसदी ज्यादा है। राज्य के लगभग सभी जिलों में औसत बरसात हो गई। जिलेवार रिपोर्ट देखें तो सबसे ज्यादा बरसात 1148.8 एमएम दौसा जिले में हुई, जो यहां की औसत बारिश से 129 फीसदी ज्यादा है। प्रदेश में भले ही इस बार मानसून की ओवरऑल बारिश का कोटा पूरा हो गया हो, लेकिन 4 ऐसे जिले हैं, जहां औसत बारिश कम है। इसमें उदयपुर, डूंगरपुर, झालावाड़ और सिरोही शामिल हैं। वहीं 17 ऐसे जिले हैं, जहां बारिश औसत से भी 50 फीसदी ज्यादा हो चुकी है।

### क्यों हुई इस बार रिकॉर्ड बारिश

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक राजस्थान में इस बार अगस्त में 31 दिन बारिश के रहे। इसके पीछे बड़ा कारण तीन बड़े सिस्टम बनना है।



### 238 बांध अगस्त में हुए ओवरफ्लो

प्रदेश में अगस्त में हुई रिकॉर्ड बारिश से 238 बांध लबालब हो गए। जुलाई में राजस्थान के कुल 691 छोटे-बड़े बांधों में से केवल 22 बांध ही फुल भरे थे, लेकिन 30 अगस्त तक ओवरफ्लो हुए बांधों की संख्या बढ़कर 238 हो गई। हालांकि अभी भी 122 बांध ऐसे हैं, जो खाली है। इन बांधों में मानसून में बिल्कुल पानी की आवक नहीं हुई।

जयपुर, अजमेर और टोंक जिले के लिए सबसे प्रमुख बीसलपुर बांध में भी अगस्त के दौरान अच्छे पानी की आवक हुई। जुलाई के आखिरी तक बांध का गेज 310 .14 आरएल मीटर था और बांध में महज 29 फीसदी ही पानी था। अगस्त के आखिरी में बांध का गेज बढ़कर 314 .50 आरएल मीटर पर आ गया और अभी बांध में 82 फीसदी भर चुका है।

### उदयपुर संभाग में सबसे कम बारिश

राजस्थान में सबसे ज्यादा बारिश वाला एरिया मानें जाने वाले मेवाड़ में इस बार मानसून कमजोर रहा। उदयपुर संभाग के 6 में से महज एक जिला राजसमंद ही ऐसा रहा जहां औसत से अच्छी बारिश हुई। उदयपुर, डूंगरपुर में औसत से 7 फीसदी तक कम बारिश हुई। बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़ में भी इस बार बारिश औसत के आसपास हुई।

### बूंदी में अच्छी बारिश, शेष जिले औसत

कोटा संभाग में इस बार बारिश औसत रही। ये बंगाल की खाड़ी से आने वाले मानसून ट्रफ का एंट्री एरिया माना जाता है। इस कारण यहां हर साल भारी बारिश होती है और बाढ़ जैसे हालात बन जाते हैं। कोटा बैराज, कालीसिंध, राणा प्रताप सागर, जवाहर सागर समेत कई बांधों के गेट खोलकर पानी छोड़ा जाता है। इस बार कोटा बैराज और कालीसिंध से ही पानी छोड़ा गया। शेष बांधों में ज्यादा पानी नहीं आया। संभाग का केवल बूंदी जिला ऐसा रहा, जहां औसत से 54 फीसदी ज्यादा बरसात हुई।

### अजमेर, टोंक में भारी बारिश से चौपट हुईं फसलें

**अजमेर, टोंक जिले में इस बार लगातार तेज बारिश होने से यहां खरीफ की फसलें खराब हो गईं। टोंक में अगस्त के शुरुआती सप्ताह में भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालात हो गए थे। अजमेर जिले में भी तेज बारिश लोगों के लिए परेशानी बन गई थी। हालांकि राहत की बात ये रही कि तेज बारिश से बीसलपुर बांध में पर्याप्त पानी आ गया। अब ये छलकने के नजदीक पहुंच गया है। अगर ये फुल भर जाता है तो अजमेर, जयपुर की करीब एक करोड़ आबादी को अगले दो साल तक पीने के पानी की किल्लत नहीं होगी।**

### करौली-सवाई माधोपुर में बाढ़ जैसे हालात, पांचना बांध के 6 गेट खोले

संभागवार स्थिति देखें तो अगस्त में भरतपुर संभाग के सवाई माधोपुर और करौली में जबरदस्त बारिश हुई। तेज बारिश के कारण अगस्त में लम्बे समय तक पांचना बांध के गेट खुले रहे, जिससे हजारों क्यूसेक पानी की निकासी की गई। सवाई माधोपुर में भी भारी बारिश से कई जगह बाढ़ जैसे हालात हो गए थे। यहां इस सीजन में अब तक 1055एमएम औसत बरसात हो चुकी है।

**जयपुर में सड़कों पर बही कारें, दौसा के कई गांवों में भरा पानी-**जयपुर संभाग के जिलों में भी इस बार मानसून की जबरदस्त बारिश हुई। सबसे ज्यादा दौसा जिले में 1159 एमएम बारिश हुई। दौसा के कई गांवों में पानी भरने से यहां भी बाढ़ जैसे हालात हो गए थे। जयपुर में भी भारी बारिश से इस बार लोग परेशान हो गए थे। सड़कों पर एक से डेढ़ फीट तक पानी भरने के बाद दुपहिया-चौपहिया वाहन तैरते नजर आए थे।

# पुलिस अलंकरण समारोह : पुलिस मुख्यालय सीआईडी अपराध शाखा के 103 पुलिसकर्मी सम्मानित

## कार्य क्षेत्र में आगे भी और अधिक जोश और ऊर्जा के साथ कर्तव्य का पालन करें : एडीजी दिनेश एमएन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** सीआईडी अपराध शाखा के 103 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को सोमवार को पुलिस मुख्यालय के चतुर्थ तल पर आयोजित अलंकरण समारोह में डीजीपी डिस्क,अति उत्कृष्ट सेवा पदक, उत्कृष्ट सेवा पदक, सर्वोत्तम सेवा चिन्ह एवं अति उत्तम सेवा चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (अपराध ) राजस्थान जयपुर दिनेश एम एन एवं महानिरीक्षक पुलिस प्रफुल्ल कुमार द्वारा इस अवसर पर उत्कृष्ट, सराहनीय एवं प्रशंसनीय सेवाएं प्रदान करने वाले 33 पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को डीजीपी डिस्क,14 पुलिसकर्मियों को अति उत्कृष्ट सेवा पदक, 20 पुलिसकर्मियों को उत्कृष्ट सेवा पदक,14 पुलिस कर्मियों को सर्वोत्तम सेवा चिन्ह तथा 22 पुलिस कर्मियों को अति उत्तम सेवा चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर एडीजी क्राइम एमएन ने सम्मानित होने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी आने वाले समय में और अधिक जोश व ऊर्जा के साथ अपने कार्य क्षेत्र में प्रदत कर्तव्यों का पूर्ण निष्ठा के साथ पालन करें।

### डीजीपी डिस्क से 33 पुलिस अधिकारी व कार्मिक सम्मानित हुए

डीजीपी डिस्क से सम्मानित होने वालों में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोरधन लाल सौंकरिया, सतीश कुमार यादव, शालिनी राज, भरत राज, पुलिस उप अधीक्षक प्रवेंद्र सिंह महला, ओमप्रकाश मीना, पुलिस निरीक्षक उमेश बेनीवाल, अन्तिम शर्मा, राम सिंह नाथावत, बृजभान सिंह (सेवानिवृत्त), उप निरीक्षक कदीर खान, सहायक उप निरीक्षक मुकेश राजावत व अमरचंद, हेड कांस्टेबल मोहम्मद यूनुस खान, बृजेश कुमार निगम, उस्मान अली, सुरेंद्र कुमार शर्मा व शंकर दयाल शर्मा, कांस्टेबल भूपेंद्र कुमार, महेंद्र कुमार, दिनेश कुमार, नेतराम सैनी, अशोक सिंह, अशोक कुमार वर्मा, रामचंद्र, गिरवर सिंह, मनोज कुमार, नरेंद्र कुमार सैनी, सुभाष चन्द गोरेड़ा, सूरजमल, शंकर लाल, मनीष कुमार एवं अमन कुमार शामिल है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोरधन लाल सौंकरिया व भरत राज, पुलिस उप अधीक्षक प्रवेंद्र सिंह महला, पुलिस निरीक्षक राम सिंह नाथावत, कांस्टेबल भूपेंद्र कुमार, रामचंद्र व गिरवर सिंह ने दूसरी बार डीजीपी डिस्क प्राप्त किया।



### 14 अति उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित

पुलिस निरीक्षक राम सिंह, उप निरीक्षक महेश कुमार टांक, जसवंत सिंह, राजेश कुमार शर्मा व बाबूलाल, हैड कांस्टेबल हरि सिंह कर्णावत, बृजेश कुमार निगम व गोपाल लाल, कांस्टेबल सूरजमल, वासुदेव गोस्वामी, सीताराम सामरिया, गोपाल बहादुर रांका, गिरधारी लाल व जुगल किशोर शर्मा को अति उत्कृष्ट सेवा पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### 20 पुलिसकर्मियों को मिला उत्कृष्ट सेवा पदक

उत्कृष्ट सेवा पदक प्राप्त करने वालों में पुलिस निरीक्षक सुनील शर्मा व उम्मेद सिंह, उप निरीक्षक राम सिंह, सहायक उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह व बनवारी लाल शर्मा, हैड कांस्टेबल राजकुमार, सुशीला यादव व कृष्णा नायक, कांस्टेबल राकेश कुमार, स्वामी शरण, श्याम लाल, अमित कुमार भरतपाल यादव सत्यवीर दिलीप सिंह सुमन कुमारी व बीज राज, कांस्टेबल चालक रतनलाल मीणा, रमेश चन्द शर्मा व दिनेश चन्द शर्मा शामिल थे।

### 14 को सर्वोत्तम सेवा चिह्न

**उप निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद, हैड कांस्टेबल खेम सिंह गौड़, ओमप्रकाश बैरवा, संजय कुमार, जय सिंह मीणा, ओम प्रकाश, पवन कुमार शर्मा, किशोर सिंह, पृथ्वी पाल सिंह व कालूराम मीणा, कांस्टेबल राजकुमारी, कुतुबुद्दीन, सलीम खान व हरलाल को सर्वोत्तम सेवा चिह्न से सम्मानित किया।**

### 22 पुलिस कार्मिक अति उत्तम सेवा चिह्न से हुए सम्मानित

**हैड कांस्टेबल दौलत सिंह, दिवाकर प्रसाद, सूरज कुमार, रामेश्वर सिंह व आत्माराम, कांस्टेबल कैलाश चन्द, कुशल चन्द, दातार सिंह, मेघ चन्द, सतवीर सिंह, जितेंद्र सिंह, जतन लाल, राजेश कुमार, सांवरमल, कैलाश चंद्र, कमलेश कुमारज़ प्रमोद कुमार, विशम्भर दयाल, अशोक कुमार व महेंद्र सिंह, कांस्टेबल चालक सज्जन सिंह व शिवपाल सिंह को अति उत्तम सेवा चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।**

# आगामी वर्षों में हर बजट में पेंशनरों को मिले नई सौगातः दिया कुमारी

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** उप मुख्यमंत्री राजकुमारी दिया कुमारी ने सोमवार को राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा मुरलीपुरा के शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि पेंशनरों के हित के लिए सरकार ने अपने पहले बजट में ही कई घोषणाएं की है और हमारा प्रयास रहेगा कि आगामी वर्षों में हर बजट में पेंशनरों को नई सौगात मिले । उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने अपने विधानसभा क्षेत्र एवं प्रदेश भर में अल्प अवधि में कराए गए विकास कार्यों की चर्चा की। उप मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर मुरलीपुरा उप शाखा की नई कार्यकारिणी को शपथ ग्रहण करवाया एवं भामाशाहों को सम्मानित किया। समारोह की अध्यक्षता राजस्थान पेंशनर समाज के प्रदेश अध्यक्ष शंकर सिंह मनोहर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री ,प्रदेश सयुक्त महामंत्री एवम् जिलाध्यक्ष जयपुर जी के मीणा, जयपुर जिले के महामंत्री एवम मुरलीपुरा उप शाखा अध्यक्ष मदन लाल शर्मा,पेंशनर समाज झोटवाड़ा के अध्यक्ष गोपाल भारद्वाज मौजूद थे। समारोह कई गणमान्य व्यक्ति एवम बड़ी संख्या में पेंशनर उपस्थित थे महिलाओं की संख्या भी काफी थी। सभी सदस्य एवं गणमान्य व्यक्ति काफी संख्या में उपस्थित रहे । अपने संबोधन में दिया कुमारी ने अपने विधानसभा क्षेत्र में कराए गए एवं प्रस्तावित विकास कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि वे एक वर्ष के बाद उनके कार्यों की समीक्षा करें एवं अपनी राय दें। निर्माण मंच संचालन गोपाल कृष्ण शर्मा ने किया।

# सीएम भजनलाल बोले- श्याम बाबा के मंदिर पर कॉरिडोर बनाएंगे

## 100 करोड़ की लागत आएगी, मंदिरों के विकास पर 300 करोड़ रुपए खर्च होंगे



**जयपुर।** राजस्थान सरकार देवस्थान विभाग की ओर से वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना 2024 के अन्तर्गत पहली ट्रेन दुर्गापुरा (जयपुर) से रामेश्वरम् के लिए रवाना की गई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शाम 4.25 बजे दुर्गापुरा (जयपुर) रेलवे स्टेशन से ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस यात्रा में दुर्गापुरा (जयपुर) रेलवे स्टेशन के साथ राजस्थान के दूसरे स्टेशन से 780 यात्री शामिल हैं। इस दौरान सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा- जिस तरीके से काशी विश्वनाथ में कॉरिडोर का निर्माण हुआ है, उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर का कॉरिडोर बना है।

# चिकित्साधिकारी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी बारह हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की दौसा टीम ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नांगल राजावतान जिला दौसा के चिकित्सा अधिकारी (एमओआईसी) अतिरिक्त चार्ज बीसीएमओ डॉ. रामजीलाल मीना एवं डागोलाई उप स्वास्थ्य केन्द्र पापड़दा ब्लॉक नांगल राजावतान जिला दौसा के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) संविदाकर्मी विजय मीना को परिवादी से बारह हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की दौसा टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि उसकी बकाया इन्सेंटिव राशि का भुगतान करने की एवज में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नांगल राजावतान जिला दौसा के चिकित्साधिकारी (एमओआईसी) अतिरिक्त चार्ज बीसीएमओ डॉ. रामजीलाल मीना एवं डागोलाई उप स्वास्थ्य केन्द्र पापड़दा ब्लॉक नांगल राजावतान जिला दौसा के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) संविदाकर्मी विजय मीना के माध्यम से प्रतिमाह एक हजार रुपये कमीशन के हिसाब से बारह हजार रूपये की रिश्वत राशि की मांग की जा रही है। एसीबी की दौसा टीम के उप अधीक्षक पुलिस नवल किशोर मीणा के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी विजय मीना को बारह हजार रूपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया गया है। आरोपित चिकित्साधिकारी डॉ. रामजीलाल मीना (एमओआईसी) को भी संलिप्तता के आधार पर गिरफ्तार किया गया है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।

उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com